इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 अंक -184 राजनांदगांव, बुधवार 22 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# ढोल और थाली बजाएं : पीएम मोदी ने काशी की महिलाओं को बताया वोटिंग बढ़ाने का फार्मूला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में आज महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने का अनुरोध किया. उन्होंने महिलाओं की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, 25-30 महिलाओं को इकट्ठा करें और ढोल बजाते, थालियां बजाते, गाने गाते हुए मतदान केंद्रों पर जाएं. यदि हम सुबह 10 बजे से पहले प्रत्येक बूथ पर 20-25 ऐसे जुलूस आयोजित कर सकें, तो मतदान के आंकड़े बढ़ जाएंगे. साथ ही पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर भी हमला बोला.



पीएम मोदी अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां पर 1 जून को अंतिम चरण में मतदान होना है. 'नारी शक्ति सम्मेलन÷ में उन्होंने विपक्षी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला. उन्?होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण के खिलाफ है और उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी कानून-व्यवस्था को लेकर उदासीन है. समाजवादी पार्टी के दिवंगत संरक्षक मुलायम सिंह यादव के 2014 में दिए गए चौंकाने वाले बयान को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अगर कुछ हुआ तो सपा कहेगी कि लड़कों से गलती हो जाती है. अब लड़कों को 'गलतियां' करने दें, योगी-जी (योगी आदित्यनाथ) को पता है कि उनसे कैसे निपटना है. मुलायम सिंह यादव ने मुंबई में दो सामूहिक बलात्कारों के लिए दोषी ठहराए गए तीन लोगों को मौत की सजा पर सवाल उठाते हुए टिप्पणी की थी, जिस पर व?यापक प्रतिक्रिया हुई थी. उन्होंने कहा था, क्या बलात्कार के मामलों में फांसी की सजा दी जानी चाहिए? वे लड़के हैं, उनसे गलतियां हो जाती हैं.

### पहली बार महिलाएं सरकारी नीतियों में सबसे आगे

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सामाजिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से हर परिवार में बहत सारा पैसा बच रहा है. उन्होंने आवास, स्वास्थ्य, मुफ्त भोजन और सब्सिडी वाली रसोई गैस का जिक्र करते हुए एक विस्तृत सूची पेश करते हुए बताया कि एक परिवार हर मद में कितनी बचत कर रहा है. उन्होंने महिलाओं को हर घर में बनाए गए शौचालयों, मुफ्त बैंक खातों और निर्वाचन क्षेत्र के 3 लाख लोगों के लिए मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन की याद दिलाई जो उन्होंने एक सांसद के रूप में करवाए थे. एक भावनात्मक अपील में उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में पहली बार महिलाएं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### इंडी अलायंस की मानसिकता महिला विरोधीः पीएम मोदी

उन्होंने कहा, इंडी अलायंस की मानसिकता हमेशा महिला विरोधी रही है. उन्होंने महिला आरक्षण का विरोध किया. जहां भी उनकी सरकार आती है, महिलाओं का जीना मुश्किल हो जाता है. बनारस के लोग यूपी और बिहार के जंगलराज से परिचित हैं. हमारी बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था. सुरक्षा की चिंता के कारण बेटियों को पढ़ाई छोड़कर घर बैठना पड़ता था.

## मंच पर एक साथ खड़े थे पीएम-सीएम, प्रधानमंत्री मोदी ने इशारे में कर दी मुख्यमंत्री योगी की तारीफ, बजने लगीं तालियां

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में आयोजित चुनावी रैली में सीएम योगी की तारीफ करते हुए विपक्ष पर करारा हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी जिस मंच से भाषण दे रहे थे, उस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस-सपा ने महिलाओं को उपेक्षा और असुरक्षा दी। इंडी गठबंधन की मानसिकता महिला विरोधी है।

पीएम मोदी ने कहा, इंडी वाले महिला आरक्षण का विरोध करते हैं, महिलाओं का जीना दूभर हो जाता है। बनारस के लोग यूपी बिहार दोनों में रहे हैं, परिचित हैं। बहन बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था, शिक्षा के बिना बेटियों को घर बैठना पड़ता था।



उन्होंने कहा कि सपा वाले बेशर्मी से कहते थे 'लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है' अब सपा के लड़के गलती करके दिखाएं, योगी सरकार उनका जो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'नारी शक्ति संवाद' कार्यक्रम में वह शामिल होने पहुंचे। इस दौरान लगभग 25,000 महिलाओं को उन्होंने संबोधित किया।

## मनीष सिसोदिया को हाईकोर्ट से झटका, सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जमानत अर्जी खारिज



दिल्ली। कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका खारिज कर दी।

सिसौदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने सिसोदिया को सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी है। इससे पहले एक मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया। मनीष सिसोदिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से कोर्ट में पेश हुए। बात दें कि 14 मई को मामले की सुनवाई में आप नेता, सीबीआई और ईडी की ओर से दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया 26 फरवरी, 2023 से हिरासत में हैं। सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के बाद उन्हें 9 मार्च 2023 को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।

## विधायक भावना का बड़ा कदम : कवर्धा सड़क हादसे में मारे गए लोगों के 24 बच्चों को लिया गोद, उठाएंगी पूरी जिम्मेदारी

कवर्धा। सड़क हादसे में मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार कर दिया है। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा ने एक भावनात्मक घोषणा की है। जहां कुकदुर हादसे में मारे गए 24 बच्चों को उन्होंने गोद लिया है। जिसमें उन्होंने इन बच्चों की शिक्षा, विवाह और रोजगार तक जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिया है। वहीं इस हादसे में वाहन चालक और वाहन मालिक को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के ऊपर धारा 304 के तहत केस दर्ज किया गया है।



### एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत

मरने वालों में एक ही परिवार के 11 लोग थे, एक साथ जलाई गई 17 लोगों की चिता में 11 लोग एक ही परिवार के थे।

परिवार के एक सदस्य रतन सिंह ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए रोज जाते थे, कभी बाइक से तो कभी फोर व्हीलर से जाते थे। जो गाड़ी चलाता था, उसे ज्यादा अनुभव नहीं था।

### गृहमंत्री शर्मा की उपस्थिति में सभी 17 शवों का हुआ अंतिम संस्कार

इस हादसे के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई बड़े नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

हादसे के दूसरे दिन गृहमंत्री विजय शर्मा ने परिजनों मुलाकात की और अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। जहां उनकी उपस्थिति में सभी 17 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, दो महिलाओं के शवों का अंतिम संस्कार उनकी ससुराल में किया गया है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छा गया है। श्री शर्मा कल ही सबसे पहले उन्होंने पंडरिया जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उसके बाद उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात भी की थी।

### बघेल बोले- बीमा योजना बंद, सिर्फ मिलेगा सरकारी मुआवजा

इस घटना के बाद अस्पताल में इलाज करवा रहे घायलों से मिलने के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि, ये ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे और ये बेहद दुखद हादसा है। अस्पताल में सभी को अच्छा इलाज मिले ये मैंने अधिकारियों से कहा है। शहीद महेंद्र कर्मा बीमा योजना तेंदूपत्ता श्रमिकों के लिए थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

**जूता कारोबारियों के घर नोटों का 'अंबार'**

## 84 अधिकारियों ने 18 घंटे की नोटों की गिनती; 10 साल बाद मिला इतना पैसा



आगरा। आगरा के तीन जूता कारोबारी फर्म बीके शूज, मंशु फुटवियर, हरमिलाप ट्रेडर्स पर आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग का छापा 80 घंटे बाद खत्म हो गया। चार दिन तक चली आयकर कार्रवाई में 57 करोड़ रुपये के नोटों की गड्डियां मिली। 500-500 के नोटों की 11,400 गड्डियों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करेंसी चेस्ट में जमा कराया गया है, वहीं एक कारोबारी का हवाला कनेक्शन भी पाया गया है।

आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग ने शनिवार को तीन जूता कारोबारियों के 14 ठिकानों पर छापा मारा था। इनमें आगरा, कानपुर और लखनऊ के 84 से अधिक आयकर अधिकारी शामिल रहे। चार दिन तक चले आयकर छापे में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में नगदी पाई गई है। आयकर विभाग ने यहां सबसे ज्यादा हरमिलाप ट्रेडर्स के घर से 53 करोड़ रुपये कमरे से जब्त किए, जबकि अन्य दो कारोबारियों से चार करोड़ रुपये के नोटों की गड्डियां बरामद कीं। 80 घंटे तक चली आयकर कार्रवाई में लगभग 40 करोड़ रुपये की भुगतान पर्चियां मिलीं, जिनसे तीन से चार हजार कारोबारी जुड़े हुए हैं। पहले तीन दिनों में आयकर विभाग के अधिकारियों को नगदी मिली, जबकि चौथे दिन पूरी कार्रवाई हवाला कनेक्शन और रियल एस्टेट से जुड़े निवेश के कागजातों की पड़ताल पर रही। एक कारोबारी ने हवाला के जरिए कई शहरों से लेन देन किया है। इसका ब्योरा भी कारोबारी के घर मिले दस्तावेज और मोबाइल से मिल गया।

### पांच दिन बाद लौटे आयकर अधिकारी

आयकर विभाग के सबसे सफल छापे में लखनऊ और कानपुर के आयकर अधिकारी भी शामिल हुए। यह पांच दिन पहले ही आगरा आ गए थे। शाम को छह बजे के बाद आयकर विभाग ने दो कारोबारियों से और रात आठ बजे तीसरे कारोबारी के यहां छापा समाप्त कर दिया। लखनऊ और कानपुर से आए आयकर अधिकारी पांच दिन बाद कार्रवाई पूरी करके लौटे।

### सीबीडीटी ने बनाए रखी पूरी नजर

आयकर विभाग को पहली बार 57 करोड़ रुपये की नगदी छापे में मिली, जिस वजह से केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने इस कार्रवाई पर पूरी निगाह बनाए रखी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब दुकानों में अब ऑनलाइन होगा भुगतान, भ्रष्टाचार रोकने सरकार ने शुरू की नई व्यवस्था

रायपुर। शराब दुकानों में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए राज्य सरकार ने ऑनलाइन भुगतान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पहले चरण में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा केवल प्रीमियम विदेशी शराब दुकानों में लागू होगी।



दरअसल, सरकार को लंबे समय से यह शिकायत मिल रही थी कि राज्य की अनेक शराब दुकानों में शराब की बिक्री शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेकर की जा रही है। इससे शराब उपभोक्ताओं में काफी असंतोष भी रहा है। प्रदेश में नई व्यवस्था लागू होने से शराब दुकानों में निर्धारित राशि से अधिक राशि नहीं ली जा सकेगी। शराब का विक्रय अधिक व्यवस्थित तरीके से होगा। बता दें कि वर्तमान में शराब का विक्रय प्रत्येक बोतल पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करके और नकद भुगतान प्राप्त करके किया जाता है, लेकिन विगत वर्षों में कई कारणों से यह प्रणाली दोषपूर्ण साबित हुई है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था को लागू करने की पहल की गई है।

बैंकों से दुकानवार क्यूआर कोड प्राप्त किया जा रहा है, जिसे प्रत्येक मदिरा दुकान के बाहर चस्पा किया जाएगा। इसके अलावा प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों में पीओएस मशीन से क्रेडिट या डेबिट कार्ड के माध्यम से मदिरा के कीमत के भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसकी सफलता के बाद अन्य मदिरा दुकानों में भी डिजिटल ट्रांजेक्शन की व्यवस्था की जाएगी।

## शाह का दिल्लीवालों को पाकिस्तानी कहना देश के लोग नहीं करेंगे बर्दाश्त : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि देश के लोग इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।



श्री केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर श्री शाह के उस बयान पर करारा हमला किया जिसमें उन्होंने आम आदमी पार्टी के समर्थकों को पाकिस्तानी कहा है। श्री केजरीवाल ने कहा कि पांचवें चरण का मतदान हो चुका है। अब जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे साफ होते जा रहा है कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है और इंडिया समूह की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, सोमवार को श्री शाह ने यहाँ एक सभा में कहा कि 'आप' के समर्थक पाकिस्तानी हैं। मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को 70 में से 62 सीटें दी। हमें 56 फीसद वोट देकर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है। अमित शाह बताएं कि क्या दिल्ली के लोग पाकिस्तानी हैं। पंजाब के लोगों ने 117 में 92 सीटें देकर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है, तो क्या पंजाब के लोग पाकिस्तानी हैं। गुजरात के लोगों ने हमें 14 फीसद वोट दिया, क्या गुजरात के लोग भी पाकिस्तानी हैं। गोवा के लोगों ने भी हमें प्यार और विश्वास दिया, तो क्या गोवा के लोग भी पाकिस्तानी हैं।

श्री केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने श्री शाह को अपना वारिस चुना है, इसलिए उन्हें अहंकार हो गया और वह आप लोगों को गालियां देने लगे, धमकियां देने लगे। अभी तो आप प्रधानमंत्री बने नहीं हैं और अभी से आपको इतना अहंकार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपकी दुश्मनी मुझसे है। आप मुझे गाली दे लीजिए, लेकिन देश की जनता को गाली देंगे तो यह कोई भी बर्दाश्त नहीं करने वाला है।

## सुको ने अनुच्छेद 370 से संबंधित अपने आदेश की समीक्षा के लिए दायर याचिकाएं खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने 11 दिसंबर, 2023 को सर्वसम्मति से अनुच्छेद 370 के प्रविधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा था।




सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चैंबर में याचिकाओं पर विचार किया और पुनर्विचार याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। संविधान पीठ ने कहा, पुनर्विचार याचिकाओं पर गौर करने के बाद रिकार्ड पर स्पष्ट रूप से कोई त्रुटि मालूम नहीं होती है। सुप्रीम कोर्ट नियम 2013 के तहत पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में जस्टिस संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और एएस बोपन्ना शामिल थे। बताते चलें, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार के 2019 के फैसले को बरकरार रखते हुए इस साल सितंबर के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने और राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल करने का आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि संसद के पास आवश्यक कानून बनाने की विधायी क्षमता है और इसे निरस्त करने से संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन नहीं होता है। पुनर्विचार याचिकाएं विभिन्न व्यक्तियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज समूहों द्वारा दायर की गई थीं, जिन्होंने तर्क दिया था कि अदालत का फैसला महत्वपूर्ण संवैधानिक मुद्दों से निपटने में विफल रहा है और स्थापित कानूनी सिद्धांतों से हट गया है।

## आज के असंस्कारित युवा कुत्तों को घुमाना पसंद करते हैं, पर माता-पिता को नहीं.. : प्रदीप मिश्रा

धमतरी (दावा)। कुरूद में आयोजित शिवकथा के पांचवें दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमें समय को साधने की जरूरत है। यदि बचपन और जवानी में हम भगवत भक्ति और अच्छे कर्म करेंगे, तो बुढ़ापे में परमात्मा हमारे साथ होगा। साथ ही वर्तमान समय को ही श्रेष्ठ समय मानकर अच्छे से जीना शुरू करने की सीख देते हुए कहा कि अच्छे कार्य करने के लिए किसी मुहुर्त, पंचांग, नक्षत्र देखने की जरूरत नहीं पड़ती।



यहां वृद्धि विहार में स्व. हीरालाल शर्मा श्रीधर की पुण्य स्मृति में आयोजित शिवकथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने आगे कहा कि परमात्मा ने हमें जीवन काल में जो समय दिया है उसे हमें हमेशा ताड़ते और साधने की जरूरत है। अच्छे समय के इंतजार में हम अपना अच्छा कर्म कल पर टालते रहते हैं, जो कभी नहीं आता। उन्होंने कहा कि बचपन और जवानी बीतने के बाद हमें पता चलता है कि हमने अपने जीवन का स्वर्णिम और सबसे अच्छा समय खो दिया है।

उन्होंने बाल्य काल से ही बच्चों में संस्कार को बहुत अधिक महत्व देते हुए कहा कि बचपन और जवानी में यदि भगवत भक्ति अच्छे कर्म चाहे वह किसी भी स्वरूप् में हो जैसे भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, कमजोर की रक्षा और रोगी की सेवा इत्यादि कर्म करें तो निश्चित तौर पर उसका बुढ़ापा सुखद होगा। ठीक इसके विपरित यदि हमने बचपन में बच्चों में संस्कारों की बीज नहीं बोए तो बुढ़ापे में हमें रोना पड़ेगा। क्योंकि आज के असंस्कारित युवा कुत्तों को अपने साथ घुमाना पसंद करते है, पर अपने माता-पिता को घुमाना पसंद नहीं करते। आज की कथा में उन्होंने ब्रह्मचित्त शिवभक्त की कथा का रसपान शिव भक्तों को कराया। साथ ही उन्होंने भक्तों के विभिन्न पर्चो को पढ़ते हुए शिव भक्ति के चमत्कार का वर्णन करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से कुछ लोगों को चेतावनी दी कि धर्म को व्यापार न बनाए और शिव भक्तों की सेवा व उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखे। कथा सुनने के लिए मुयमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशिल्या साय, विधायक अजय चन्द्राकर, कमला देवी शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रतिभा चन्द्राकर, उर्मिला, रतन शर्मा, रंजना साहू, संतोष उपाध्याय समेत बड़ी संया में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में तीन-तीन, चार-चार घंटे बिजली कटौती... लोग परेशान

## मेंटनेश की आड़ में दिन में दसियों बार किया जा रहा विद्युत आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव(दावा)। इन दिनों विद्युत पारेषण कम्पनी द्वारा दिन में दसियों बार धड़ल्ले से बिजली कटौती किया जा रहा है। खास कर सुबह से दस बारह बजे के समय हर एक-दो दिन के आड़ में बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के दिनों में लखोली नाका क्षेत्र, सेठी नगर, राहुल नगर, लखोली, जनता कालोनी के अलावा शहर के अन्य भागों में बेहिसाब ढंग से विद्युत कटौती देखी जा रही है। इससे लोग खासे परेशान हो रहे है।



मंगलवार को लखोली रोड, लखोली आदि वाला इलाका सुबह 9 बजे से लेकर एक-डेढ़ बजे तक बिजली गुल से खासा परेशान रहा। भीषण गर्मी के बीच विद्युत अवरोध के चलते पंखा-कुलर एसी आदि के बंद रहने से लोग पसीने से तरबतर होते रहे। इस बीच छोटे-छोटे बच्चों की गर्मी से बूरी स्थिति रही। बता दे कि जिले का तापमान इन दिनों 43 डिग्री के पार जा रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक पड़ने वाली भीषण गर्मी से लोगों का बूरा हाल हो रहा है। ऐसी स्थिति में दिन में बार-बार बिजली गुल किया जाना गर्मी और उमस से हलाकान हो रहे लोगों की धैर्य की परीक्षा लिया जाना जैसे है।

बता दे कि अभी मानसून को आने में पखवाड़ा भर से ज्यादा का समय है। आज से दो दिन बाद गर्मी का चरमोत्कर्ष रूप नौ-तपा लगने वाला है। इसके बाद पांच दिनों तक पंचक की भीषण गर्मी रहती है। ऐसे भीषण गर्मी वाले हालात के दिनों में विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मेंटनेश के आड़ में बिजली कटौती कर विद्युत बचाया जा रहा है। चूंकि गर्मी के दिनों में बिजली की खपत बढ़ जाती है। इसका खामियाजा पूरा करने के लिए मेंटेनेश का हवाला देकर धड़ल्ले से बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### बल्देवबाग क्षेत्र में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

विद्युत पारेषण कम्पनी कम्पनी के डी.ई. आलोक दुबे ने बताया कि जिन क्षेत्रों में मेंटनेश कार्य किया जाना है। इसकी सूचना अखबारों के माध्यम से उपभोक्ताओं को दे दी गई। इसके अलावा कस्टमर मोबाइल नम्बर में मैसेज भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज 22 मई बुधवार को बल्देवबाग क्षेत्र में मेटनेश के चलते सुबह आठ बजे से दोपहर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि बारिश पूर्व पूरे जिले भर में मेटनेस कार्य चालू है। गांव-देहात के क्षेत्रों में भी मेटनेस कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई तक चलेगा। जब तक शहर के विभिन्न वार्डों सहित जिले भर के लोगों को भीषण गर्मी से रोजाना तीन-तीन, चार-चार घंटे तक बगैर पंखा, कुलर, एसी के पसीने से तरबतर होते रहना पड़ेगा।

### विद्युत उपकरणों की मरम्मत

बताया जा रहा है कि बारिश के पहले हर साल विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा खराब एवं कमजोर विद्युत उपकरणों की मरम्मत के अलावा बिजली की तार से टकराने वाली पेड़ की डालिया व आसपास के झुरमुटो की कांटछाट की जाती है। ट्रांसफार्मर को बदलने या फिर उसकी क्षमता बढ़ाने सहित अन्य आवश्यक कार्य किए जाते है ताकि बारिश के दिनों में हवा तूफान के चलते बिजली के तारों और अन्य उपकरणों को नुकसान न पहुंचे बताया जा रहा है कि बारिश के पूर्व यह मेंटनेश का कार्य सोमवार 21 मई से शुरू कर दिया गया है। रोजाना सुबह के समय 8 बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक मेंटनेश का कार्य जारी रहेगा।

# माँ की हत्या करने वाले पुत्र को उम्रकैद की सजा

राजनांदगांव (दावा)। मानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माण्डरी में सन् 2020 के अगस्त माह के घटी एक हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी बेटे को उम्र कैद की सजा दी है। इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति सुषमा सावंत द्वारा प्रकरण के पूरी सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हुये अभियुक्त राजेश कमरो पिता स्व. रामसू कमरो, उम्र 35 साल, निवासी ग्राम माडरी, थाना खड़गाँव को अपनी माता श्रीमती हिरदा बाई कमरो पति स्व. रामसू कमरो, उम्र 58 वर्ष की हत्या का दोषी साबित पाते हुए भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास तथा 1000 रुपये का अर्थदंड किया है और अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया है।



मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पैरवी करने वाले नारायण कन्नौजे, जिला लोक अभियोजक ने बताया कि, गत 25 अगस्त 2020 की रात्रि ग्राम माण्डरी निवासी राजेश कमरो के द्वारा अपनी वृद्ध माता श्रीमती हिरदा बाई कमरो को तुम रात को खाना नहीं बनायी हो, कहकर हाथ मुक्का व लात-घूसा से मारपीट किया उपरान्त अपनी माँ के सीने में हाथ-मुक्का से प्रहार कर अपनी माता की हत्या कर दिया। घटना की सूचना रमेश कुमार कमरो पिता स्व. मंगलराम के द्वारा थाना मानपुर में दी गई। सूचना पर थाना मानपुर द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त राजेश कमरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तथा संपूर्ण जांच उपरान्त भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत् चालान विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

## पहला कॉलम...

### हमेशा किया टॉप, 12वीं में आएं 63 प्रतिशत अंक तो लगा ली फांसी



रायपुर (दावा)। विधानसभा इलाके के ग्राम संकरी में कारोबारी परिवार की एक छात्रा ने 19 मई की रात को अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को पता चला कि हमेशा टॉप करने वाली वसुंधरा बारले 17 वर्ष को इस साल 12वीं में 63 प्रतिशत अंक मिले हैं, इसके बाद वह गुमशुम रहने लगी थी, पुलिस का अनुमान है कि इसी वजह से उसने फांसी लगाई है। पुलिस को उपसरपंच संतराम नारंग के जरिये इस घटना का पता चला, मृतका के पिता केवल दास बारले गांव में ही किराना व कपड़ा दुकान चलाते हैं। परिवार में सभी लोग शिक्षित हैं, वसुंधरा भी पढ़ाई में काफी तेज थी, उसे हमेशा 80 फीसदी से ज्यादा अंक मिलते थे। इस बार उसे उम्मीद से कम नंबर मिले, रिजल्ट आने के बाद इसी वजह से वह दुखी रहने लगी थी। पुलिस को पता चला है कि छात्रा के चाचा शिक्षक हैं, वे बच्चों को नवोदय समेत अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयार करते हैं। इसी वजह से उनका नाम इलाके में काफी सम्मान से लिया जाता है। छात्रा की खुदकुशी से गांव में शोक का माहौल है।

### कल बुद्ध पूर्णिमा को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कल 23 मई दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### कलेक्टर ने की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिलाधिकारीयों की समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों कों लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

### छेदूराम निषाद का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। छेदुराम निषाद उम्र 40 वर्ष वार्ड नंबर 1 निवासी का आकस्मिक निधन हो गया। वे दो पुत्री एक पुत्र सहित भरा पुरा परिवार पीछे छोड़ गए। स्वर्गीय छेदुराम, निषाद समाज डोंगरगढ़ के पूर्व क्षेत्रीय सचिव प्रीतम निषाद के पुत्र थे। कन्या शाला स्थित मुक्तिधाम में अंत्येष्टि दी गई।

# जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरुकता आवश्यक - कलेक्टर

## जल संरक्षण के लिए जिले में किए जा रहे बेहतरीन कार्य, पहाड़ों में जल संरक्षण के लिए बनाए गए परकोलेशन टैंक

- डीएमएफ अंतर्गत जनसामान्य के लाभ के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश, दिखना चाहिए परिणाम
- कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जिले में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जल का संरक्षण करना जरूरी एवं प्रासंगिक है। आने वाले समय में जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक है।

जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र में भू-जल के स्तर में कमी आयी है। 70 से 90 प्रतिशत पानी का दोहन कर लिया गया है। जिले में 42 हजार मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चल रहे हैं। विशेषकर धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसी गति से भू-जल स्तर में कमी आने पर भविष्य में दिक्कत हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चलाने से लो-वोल्टेज की समस्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सिंचाई के लिए सरफेस वाटर का उपयोग करना है। ग्रॉस ग्राऊंड वाटर का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऐसे गांवों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए जहां जल के स्तर में ज्यादा कमी आयी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मोटर पंप तथा ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए पहाड़ों में वाटर रिचार्ज करने के लिए परकोलेशन टैंक बनाए गए हैं, जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस कार्य में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण के लिए बनाए गई संरचना से मिट्टी का कटाव भी रूकेगा। पौधरोपण करने के साथ ही जल संरक्षण के उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीएमएफ अंतर्गत प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रस्ताव बनाए जिससे जनसामान्य लाभान्वित हो और इसका परिणाम दिखना चाहिए। सभी अधिकारी प्रतिबद्धतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि अंतर्गत मक्का की फसल को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। ऐसा होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाएं, जो अनाधिकृत रूप से कार्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित हैं। कर्तव्यविमुख ऐसे कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हाईकोर्ट के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर कैम्प के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गलत जानकारी देना पड़ा भारी, आरटीआई का उल्लंघन करने पर अधिकारी पर लगा 50 हजार जुर्माना




रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षक मंडल मुख्यालय के जन सूचना अधिकारी एसी मालू को सूचना का अधिकार कानून के अंतर्गत गलत जानकारी देना भारी पड़ गया। राज्य सूचना आयोग ने उन पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए वसूलने का आदेश दिया है।

सत्यकर्मा वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी की अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने आरोप लगाया कि पर्यावरण संरक्षण मंडल में सूचना के अधिकार के तहत पर्यावरण संबंधी जानकारी मांगने पर जन सूचना अधिकारी एसी मालू सही जानकारी नहीं देते हुए गलत, झूठा या फिर भ्रामक, बिना सत्यापित किए जानकारी देते हैं।

पिछले दिनों उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रही प्लास्टिक इंडस्ट्रीज की कितनी संख्या है और वार्षिक कितना उत्पादन करते हैं, ये दो जानकारी मांगी थी, लेकिन जन सूचना अधिकारी ने सूचना का अधिकार कानून का उल्लंघन करते हुए बिना सत्यापित प्रति के दोनों सवालों की गलत जानकारी दी। इसकी शिकायत राज्य सूचना आयोग से की गई।आयोग के अध्यक्ष धन्वेंद्र जायसवाल ने गंभीरता से लेते हुए जनसूचना अधिकारी पर 25-25 हजार रुपये कुल 50 हजार का अर्थदंड लगाते हुए विभाग को वसूलने का आदेश दिया।

सत्यकर्मा वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी की अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा का कहना है कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल का गठन जिस उद्देश्य के लिए किया गया है, उनके द्वारा ही पर्यावरण को काफी क्षति पहुंचाई जा रही है। राज्य सूचना आयोग में उनके द्वारा पर्यावरण को लेकर लगाए गए कई मामले लंबित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आयोग जल्द ही शेष प्रकरणों की सुनवाई करेगा।

# डीएमसी ने किया समर कैंप का अवलोकन, दिए आवश्यक निर्देश



पीएम श्री शालाओं में चल रहे समर कैंप

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय प्राथमिक/ माध्यमिक/हाई/हायर सेकंडरी/ पीएम श्री एवं सेजस विद्यालयों में 20 मई से 31 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर का समय प्रातः 7:00 बजे से 9:30 तक निर्धारित है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्य/बीईओ/ बीआरसी एवं सीएसी की देखरेख में विभिन्न मनोरंजन पर आधारित ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में आज प्रथम दिवस पीएम श्री शाला अमलीडीह, बोधीटोला, डुन्डेरा एवं कोपेडीह में संचालित ग्रीष्मकालीन शिविर का अवलोकन डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने किया। अवलोकन के दौरान योग, प्राणायाम, शतरंज, पेंटिंग, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, खेल एवं विभिन्न संचालित गतिविधियों में शामिल होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

समर कैंप में विद्यार्थियों को योगा, संगीत, चित्रकला व खेल की बारीकियां विधा विशेषज्ञों द्वारा सिखाई जा रही है। डीएमसी के साथ एपीसी एम आर अंसारी, आदर्श वासनिक एवं मनोज मरकाम उपस्थित रहे।

## कबीरधाम जिले में हुए भीषण हादसे का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, 24 मई को होगी सुनवाई

बिलासपुर। कबीरधाम जिले में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड किया है। 24 मई को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच इस पर सुनवाई करेगी। कवर्धा जिले में कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी के पास कल यानी सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे यह हादसा हुआ। सभी ग्रामवासी सेमहारा के रहने वाले थे, जो तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप से वापस आ रहे थे। मारे गए लोगों में 18 महिला व एक पुरुष शामिल हैं। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्रेक फेल होने से वाहन बंजारी घाट बाहपानी के मोड़ के पास 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा था। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। ड्राइवर दिनेश से पुलिस जानकारी ले रही है। हादसे में मौके पर 15 लोगों की मौत हो गई थी, चार लोगों ने कुकदूर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पिकअप में 36 लोग सवार थे। ये सभी लोग जंगल गए थे और तेंदूपत्ता तोड़कर वापस आ रहे थे, तभी मोड़ के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नीचे खाई में जा गिरा।

# कस्टम मीलिंग घोटाले में ईडी को मिली रोशन चंद्राकर की 6 दिन की रिमांड, डायरी में हिसाब



रायपुर। 140 करोड़ के कस्टम मीलिंग घोटाले में गिरफ्तार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को पूछताछ के बाद मंगलवार को विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में ईडी ने पेश किया। कोर्ट ने 6 दिन यानी 27 मई तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद पेश किया गया था।

बता दें कि कस्टम मिलिंग घोटाले के संबंध में पूछताछ करने रोशन चंद्राकर को नोटिस जारी कर ईडी दफ्तर में बुलवाया गया था। उपस्थिति दर्ज कराने और पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके पहले मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। अब रोशन चंद्राकर की डायरी में हिसाब मिला है। बताया जा रहा है कि कई जिलों में पूछताछ हो सकती है। रोशन की गिरफ्तार का असर बड़े जिलों खासकर बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी में हो सकता है। दरअसल कस्टम मिलिंग की राशि हर जिले में वहां के कुछ मिलरों के जरिए वसूली जाती थी। जितने का बिल लगता, उसके हिसाब से कमीशन एडवांस में देना पड़ता था। तब जाकर मार्कफेड मुख्यालय से बिल आगे पास होता था। अब ईडी की नजर उन मिलरों पर है जो रोशन के कहने पर वसूली गई रकम लेकर जाते थे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रं./ प्रवा.3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 01/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक देवला देवी पिता चन्द्रिका प्रसाद, निवासी चिखली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्राम चिखली प.ह.नं.-032, खसरा नंबर 126/11, रकबा 0.0240 हेक्टेयर कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रं./ प्रवा.3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 01/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रिका प्रसाद पिता राजाराम, निवासी चिखली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्राम चिखली प.ह.नं.-039, खसरा नंबर 240/16, रकबा 0.0280 हेक्टेयर कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रं./ प्रवा.3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 01/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रिका प्रसाद पिता राजाराम, निवासी चिखली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्राम चिखली प.ह.नं.-039, खसरा नंबर 18/63, रकबा 0.0240 हेक्टेयर कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-9
349-6 114-6

राजधानी
2-3-9
499-2 489-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
अंतिम पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि



ता. 24 से
मोर छंइहा भुंईयां 2
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



# सुबह मार्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

खैरागढ़ (दावा)। मंगलवार को तड़के सुबह लगभग 4 बजे शहर के सोनेसरार वार्ड में हुये सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह प्रातः सैर के लिए घर से निकले 55 वर्षीय व्यक्ति को सोनेसरार के नजदीक चोपड़ा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे पकलू जोशी पिता समारु जोशी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस व परिजन को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया जहा पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौपा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन की खोजबीन शुरू कर दी है।

### जिला निर्माण के बाद बढ़ रहे सड़क हादसे

खैरागढ़ जिला निर्माण के बाद एक ओर जहां ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है वहीं वाहन चालकों की लापरवाही भी लगातार देखने को मिल रही है एक के बाद एक सड़क दुर्घटना खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में सामने आने लगे हैं। खैरागढ़ व उसके आसपास के इलाकों में बाईपास की वजह से भी दुर्घटना का ग्राफ बढ़ रहे हैं वजह यह है कि बीते लगभग 18 साल से बन रहे हैं बाईपास सड़क का निर्माण तो हो गया लेकिन बाईपास से बनने वाले तीन उच्च स्तरीय पुल का निर्माण अभी बाकी है जिसके कारण खैरागढ़ जिला मुख्यालय को ट्रैफिक का दबाव झेलना पड़ता है।



### जिले में नहीं थम रहे सड़क हादसे

जिला मुख्यालय में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा है 4 दिन पहले ही बाजार अतरिया में ट्रक की टक्कर से दो मासूमों की मौत हुई थी। इससे पहले भी शहर के आउटरों में कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी है इसके बाद भी जिला पुलिस घटनाओं को रोकने के लिए कोई उपाय और कार्यवाही नहीं कर पाई है। यातायात व्यवस्था सुधारने शहर के भीतर बेहतर काम चल रहा है लेकिन शहर के आउटरों में वाहनों की जांच, रफ़्तार पर लगाम कसने कोई विशेष प्रयास अब तक नहीं हो पाया है। राजनांदगांव कवर्धा मार्ग, धमधा मार्ग, दुर्ग मार्ग, डोगरगढ़ मार्ग, जैसे इलाकों में शहर के बाहर यातायात व्यवस्था बेलगाम हो गई है। इसका खामियाजा सड़क पर आवाजाही करने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। रविवार को ही सोनेसरार वार्ड में मुख्य मोड़ पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ट्रक सड़क किनारे पलट कर हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार वाहनों को शहर में घुसने से पहले नियंत्रित करने का कोई उपाय अब तक नहीं हो पाया है शहर के आउटरों में किसी भी मार्ग पर रफ्तार कम करवाने ब्रेकर नहीं है। जिसके चलते शहर में घुसने के बाद भी वाहनों की रफ्तार काम नहीं हो पा रही है। इसके चलते लगातार हादसे बढ़ रहे है। ज्ञात हो कि ऐसी घटनाओं को रोकने नवगठित यातायात शाखा को मुस्तैद होना होगा तभी ऐसी दुर्घटनाओं पर लगाम लग पाएगा।

# पीडिया मुठभेड़ के खिलाफ आगे आया आदिवासी समाज : बताया फर्जी, 24 मई को कलेक्टर से मिलकर करेंगे न्यायिक जांच की मांग




बीजापुर। बस्तर संभाग में सर्व आदिवासी समाज ने बीजापुर के पीडिया में हुई मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। 10 मई को बीजापुर जिले के इतावर और पीड़िया गांव में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

इस मुठभेड़ में पुलिस के द्वारा 12 नक्सलियों को ढेर करने के दावे किए गए थे। लेकिन अब आदिवासी समाज ने इस मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए निहत्थे आदिवासियों को घेर कर मारने का आरोप लगाया है। इस मुठभेड़ को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने 58 सदस्यीय जांच टीम घटना स्थल के लिए भेजी थी।पीड़िया गांव का दौरा कर आदिवासी समाज का जांच दल वापस लौट चुका है। परपा के कोया कुठमा समाज भवन में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों और जांच दल के सदस्यों ने बैठक की।

### बस्तर बंद का किया ऐलान

बैठक में सर्व आदिवासी समाज प्रमुख प्रकाश ठाकुर ने कहा कि, 24 मई को संभाग के सभी जिलों में समाज के सदस्य कलेक्टर से मुलाकात कर न्यायिक जांच की मांग करेंगे। वहीं 28 मई को सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर बंद का ऐलान भी किया है। न्यायिक जांच की मांग पूरी नहीं होने पर 7 जून से संभाग के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करने की बात भी समाज के द्वारा कही जा रही है। सर्व आदिवासी समाज ने प्रदेश में भाजपा सरकार के बनने के बाद से बस्तर में फर्जी एनकाउंटर के मामले बढ़ने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

# आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की शहादत दिवस कुमर्दा में मनायी गई

राजेश मेंश्राम

जोंधरा (दावा)। राजीव जी हमेशा हमेशा याद किये जाते रहेंगे जब तक ये देश है देश में आज जो डिजिटल इंडिया दिख रहा है उसकी परिकल्पना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ही की थी। आज जो कम्प्यूटर दिखाई दे रहा है ये सोच भी सर्वप्रथम उन्ही की थी। क्योंकि वह मानते थे कि देश को अगर आगे ले जाना है तो देश को आधुनिक तकनीक की जरूरत है। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री बने तो वह युवा थे और देश के लोकतंत्र में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी चाहते थे। इसलिए उन्होंने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 की थी। उक्ताशय के विचार कुमर्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल खान ने कुमर्दा में आयोजित राजीव गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर व्यक्त किये।



वही समारोह में उपस्थित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 की सदस्य क्रांति बंजारे ने कहा कि राजीव गांधी की सोच लोकतंत्र को हमेशा मजबूत करने की रही है। वे चाहते थे कि दिल्ली से जो पैसा नीचे तक भेजा रहा है वह पैसा नीचे वालो को पूरा-पूरा मिले। पंचायती राज्य की स्थापना राजीव गांधी की इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिसमें उनकी सोच रही है कि ग्राम की क्या समस्या है या स्वयं ग्रामीण तय करें और ग्राम प्रधान को अवगत कराये। ग्राम प्रधान के माध्यम से उन समस्याओं को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज देश के महान व्यक्ति की यादे हमारी जेहन में हमेशा याद रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेसी कार्यकर्ता लालचंद साहू, देव पन्द्रो, पन्ना साहू, विशाल बघेल, गिरीश सोनवानी, कामता साहू, अगनू राम, शरद चंद्राकर, गणेश पटेल, पूरन साहू, जगदीश बघेल, फक्रीर साहू, भूपेन्द्र गढ़ियारे, शिव प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का संचालन का अवसर आवेदन प्रपत्र 27 मई से 11 जून तक

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत 19 रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) हेतु फैसिलिटेटर की नियुक्ति सम्बन्धी आवेदन प्रपत्र दिनांक 27 मई से 15 जून तक सुबह 10.30 बजे से दोहपर 15.00 बजे के मध्य किसी भी कार्यालयीन दिन वाणिज्य विभाग से प्राप्त किया जा सकता है।



आवेदनकर्ता को लिफाफे में अपना पूरा नाम, पता, दूरभाष नंबर सहित जिस स्टेशन हेतु आवेदन किया जा रहा है उस स्टेशन का नाम लिखना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि अब नई नियमावली के अनुसार बाहरी व्यक्तियों के लिए भी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की तरह ही नियुक्ति की जाएगी ताकि इसमें आम लोग भी भाग ले सकें। हालांकि इसमें प्राथमिकता पहले सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को ही दी जाएगी, अगर सेवानिवृत्त रेल कर्मी इस टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लेते है तो अन्य लोगों को मौका दिया जाएगा।

### 19 स्टेशनों के लिए एटीवीएम संचालन हेतु आवेदन

आमंत्रित - दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत - आमगांव, अर्जुनी, ब्रम्हपुरी, भंडारारोड, तुमसररोड, बालाघाट, चांदाफोर्ट, छिंदवाडा डोंगरगढ़, राजनांदगाँव, गोंदिया, कामठी, मूलमरोड़ा, नागभीड़, नैनपुर, सिवनी, तिरोडा, वडसा तथा सुभाषचंद्र बोस इतवारी कुल 19 स्टेशनों पर एटीवीएम संचालन हेतु आवेदन उपरोक्त अवधि के अनुसार आमंत्रित किया गया है और निर्धारित योग्यता के आधार पर सेवानिवृत्त रेलकर्मी के अलावा आम जनता भी भाग ले सकेंगे। एटीवीएम संचालन हेतु फैसिलिटेटरों की चयन प्रक्रिया नए नियमों के आधार पर चरणबद्द तरीके से किया जायेगा।

# जिन विभागों के भूमि अधिग्रहण के मामले लंबित है, उसे जल्द से जल्द निराकृत करना सुनिश्चित करें- कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा



## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समस्त जिला अधिकारियों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने समस्त विभागों की एजेंडावार समीक्षा कर आवशय निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिन विभागों के भूमि अधिग्रहण के मामले लंबित है, उसे जल्द निराकृत करना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जिले में स्थित एफपीओ की जानकारी बनाने को कहा। उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त से हॉस्टल निरीक्षण एवं हॉस्टल के निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हॉस्टल निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिला विपणन अधिकारी से धान उठाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शेष धान को शीघ्र ही उठाने के निर्देश दिए। जिस पर विपणन विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया कि कुल 51 उपार्जन केंद्रों में से 23 उपार्जन केंद्रों से धान उठाव किया जा चुकी है। बाकि शेष धान ने उठाव हेतु मिलर को डीओ जारी किया गया है।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आबकारी विभाग से ओवर रेट शराब बिक्री के संबंध में जानकारी लेकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही कैशलेश भुगतान के संबंध में जानकारी ली। जिस पर आबकारी अधिकारी डीगेश देवांगन ने बताया है कि जिले में सिर्फ प्रीमियम शॉप में यह व्यवस्था की गई है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने उन्हें शासन को पत्र लिखने के लिए निर्देश ताकि सभी देशी-विदेशी मंदिरा दुकानों में कैशलेश भुगतान की सुविधा शुरू की जा सके। इसके अलावा अधिकारियों को जन शिकायत एवं जनसमस्याओं के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व बैठक में दिए निर्देशों का विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने समय सीमा की बैठक में उचित जानकारी के साथ उपस्थित नहीं होने पर जल संसाधन विभाग के ईई एवं तहसीलदार गंडई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जो भी जानकारी जिला कार्यालय में आते हैं, उन्हें जिलास्तर के अधिकारी पहले चेक करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टांकेश्वर प्रसाद साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे एवं अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने आतंकवादी विरोधी दिवस की अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

## सभी ने आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने तथा शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने की ली शपथ



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को आज आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं और हम निष्ठापूर्वक सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा समर कैंप का लिया गया जायजा





राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के नेतृत्व में स्कूली विद्यार्थी बड़े उत्साह के साथ समर कैम्प में हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे के नेतृत्व में टीम द्वारा समर कैंप में किए जा रहे स्कूलों का अवलोकन किया गया। टीम में समग्र शिक्षा के एडीपीओ परस झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक रफीक अंसारी, मनोज मरकाम एवं आदर्श वासनिक शामिल थे। शिक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह में समर कैंप का अवलोकन किया गया। जहां बच्चों ने चित्रकारी की और खेल की गतिविधियों के साथ समर कैंप की शुरूआत हुई। टीम ने डोंगरगांव विकासखंड के बोधीटोला का अवलोकन किया। जहां बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा गीत, संगीत सिखाया जा रहा था। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम डुंडेरा एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह के शाला का अवलोकन भी जिला मिशन समन्वयक की टीम द्वारा किया गया। जहां पर बच्चों को मनोरंजक गतिविधियां चित्रकारी, योग एवं नृत्य आदि कराया जा रहा था। समय कैम्प के माध्यम से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जा सकें, ऐसा एक प्रयास शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। समय कैम्प आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बच्चों के लिए नाश्ता एवं जलपान की व्यवस्था भी गई। बच्चे सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक बड़े उत्साह के साथ समय कैम्प का आनंद ले रहे हैं और स्कूलों में बढ़ती बच्चों की भीड़ बता रही है कि वह भी अपने स्कूलों में वापस आकर और इस तरीके की मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर बहुत ही खुशी महसूस कर रहे हैं।

# लोकनाट्य कलंकार की सफल प्रस्तुति



## कलंकार नहीं अलंकार होता है कलाकार- विजय मिश्रा

रायपुर (दावा)। महाराष्ट्र मंडल के नाट्यशाला में लोकनाट्य कलंकार की प्रस्तुति की गई। संस्कार भारती द्वारा आयोजित समारोह में दर्शकों ने कलाकारों की भरपूर सराहना की। नाटक में कलाकारों के साथ समाज में होने वाले दोहरे व्यवहार का चित्रण, कलाकार की व्यथा को उजागर किया गया। नाटक के सूत्रधार वरिष्ठ लोक रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने कहा कलाकार कभी कलंकार नहीं होता। वह समाज का अलंकार होता है। कला की साधना इबादत से कम नहीं है। कलंकार के लेखक नरेंद्र जलक्षत्रीय ने प्रमुख पात्र नचकार चंदन तथा संतोष यादव ने गुरु मां की भूमिका को अपने उम्दा अभिनय-नृत्य से जीवंत कर दिया। गांव के लंगड़े घाघ सरपंच के पात्र को विजय मिश्रा 'अमित' ने अपने अद्भुत अभिनय से एवं चंदन की मां अहिल्या के चरित्र को मनीषा खोब्रागड़े ने बेहद मार्मिक अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नूतन-रौशनी साहू ने झगड़ालू औरतों की प्रवृत्ति को बड़ी खूबसूरती से करके तालियां बटोरने में कामयाबी पाई। अन्य पात्रों में प्रांजल राजपूत, ओम निषाद, देवा कश्यप, ज्योति, पायल, सुनिधि साहू, मैरी मसीह, ऋषिका शुक्ला, अभिषेक पाण्डेय ने अभिनय और नृत्य प्रतिभा के बूते ऊंचाई दी।

संगीत लाईट का प्रभावी संचालन नाटय निर्देशक अर्जुन मानिकपुरी, मानसी साहू, तोसन निर्मलकर,नारायण-लोकेश-चंद्रहास साहू, कृष्णा सपहा ने किया।

### टाईल्स एवं सीमेन्ट दुकान में चोरी

राजनांदगांव (दावा)। तीन चार दिन पहले अंबागढ़ चौकी के गंज लाइन मुख्य मार्ग किनारे स्थित एक टाईल्स एवं सीमेंट दुकान में चोरो ने धावा बोलकर लेपटाप व सात हजार रूपए चिल्हर पार कर दिए। बताया जाता है कि मुख्यमार्ग किनारे स्थित आनंद एजेन्सी आनंद खंडेलवाल की उक्त दुकान में अज्ञात चोरों ने घुस कर गल्ला को तोड़ने का खूब प्रयास किया लेकिन गल्ला नहीं टूटा तो लैपटाप व पालिथीन में बंधे करीब सात हजार रूपए के चिल्हर चोरी कर रफा-दफा हो गए। आशंका जताई जा रही है कि चोरो ने दो-तीन मकान चढ़कर आनंद एजेंसी वाले दुकान में प्रवेश किया व चोरी कार्य को अंजाम दिया। बहरहाल शहर सहिते जिले के अन्य शहरों व कस्बो में हो रही धड़ाधड़ चोरियां पुलिस की सतर्कता पर उगलिया उठा रही है। लोग सुरक्षा के अभाव में डरे हुए है। लोगों का कहना है कि पुलिस का पूरा ध्यान इन दिनों अवैध शराब व परिवहन की पकड़ी धकड़ी में है।

# जीएसटी-टीडीएस कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय विभागों द्वारा सेवा प्राप्ति एवं सामग्री खरीदी पर विक्रेताओं एवं निर्माण कंपनी, ठेकेदारों तथा सेवा प्रदाताओं को किये जाने वाले भुगतानों पर जीएसटी के स्त्रोत पर टीडीएस कटौती करने के संबंध वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टोरेट सभाकक्ष से जुड़े रहे।



कार्यशाला में बताया गया कि केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की जीएसटी-टीडीएस कटौती के संबंध प्रावधान है। शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा 2.5 लाख रूपए से अधिक भुगतान होने पर 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी+1 प्रतिशत एसजीएसटी अथवा 2 प्रतिशत आईजीएसटी) की दर से स्त्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्त्रोत पर टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी की जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुए, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस करने के बाद माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटीआर-07 में प्रस्तुत किया जाना है।

यह देखने में आया है कि कई विभागों एवं कार्यालयों द्वारा जीएसटी-टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन का जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इसके संबंध में यह निर्देशित किया जाता है कि समस्त भुगतानकर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2 लाख 50 हजार रूपए की सीमा का उल्लंघन न हो। इसके साथ ही सभी कोषालयों, उपकोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों का निर्देशित किया जाता है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय वैध हो। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह एवं जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी कृतलाल साहू, महेश चौरीवार एवं सुशांत बेलेकर जुड़े रहे।

## अनमोल दावा

**अपने मन को काबू में रखें। जिसने अपने मन पर काबू पा लिया वह चिंताओं और इच्छाओं से दूर रहता है। साथ ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान रखता है।**

# खराब मौसम है वजह या फिर साजिश, ईरानी राष्ट्रपति के हेलिकाप्टर हादसे पर सवाल

हाल में इजराइल और अमेरिका के प्रति ईरान के सख्त रुख के मद्देनजर ताजा हादसे को लेकर भी किसी साजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अब तक सामने आए तथ्यों के मुताबिक बेहद खराब मौसम की वजह से हेलिकाप्टर हादसे का शिकार हो गया।

हेलिकाप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति सहित कई ताकतवर लोगों की जिस तरह मौत हो गई, उसमें ऐसी घटनाओं को हादसे के अलावा अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव के लिहाज से भी देखा जाने लगता है। गौरतलब है कि रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, वहां के विदेश मंत्री और कई अन्य अहम लोग एक हेलिकाप्टर पर सवार होकर तबरेज शहर की ओर जा रहे थे। इसी बीच मौसम खराब होने के कारण हेलिकाप्टर हादसे का शिकार हो गया, जिसमें राष्ट्रपति रईसी सहित वहां के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, चालक और सुरक्षा प्रमुख मारे गए। राष्ट्रपति रईसी रविवार को अजरबैजान में बांध का उद्घाटन करने गए थे

राष्ट्रपति रईसी रविवार को अजरबैजान में किज कलासी और खोदाफरिन बांध का उद्घाटन करने गए थे। जाहिर है, अपनी सीमा में ईरान के शीर्ष नेता और उनके सहयोगियों को इस बात की आशंका भी न रही होगी कि ऐसा कोई हादसा हो सकता है। भारत सहित कई देशों ने इस घटना पर शोक संवेदना जताई है।

यह बेहद अफसोसनाक है कि पिछले कुछ वर्षों में ईरान की कुछ महत्त्वपूर्ण शख्सियतों की जान या तो हादसे में चली गई या फिर उनकी हत्या कर दी गई। मसलन, ईरान में 2020 में एक नायक की तरह मशहूर कुर्द फोर्स के जनरल कासिम सुलेमानी की मौत में अमेरिकी ड्रोन से हमले के आरोप लगे। फिर उसी वर्ष ईरान के मुख्य परमाणु वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादेह की भी हत्या कर दी गई। वहां हुए कुछ अन्य आतंकवादी हमलों में अमेरिका या फिर इजराइल का हाथ होने की आशंका जताई गई। हाल में इजराइल और अमेरिका के प्रति ईरान के सख्त रुख के मद्देनजर ताजा हादसे को लेकर भी किसी साजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अब तक सामने आए तथ्यों के मुताबिक बेहद खराब मौसम की वजह से हेलिकाप्टर हादसे का शिकार हो गया। मगर कुछ लोगों का सवाल है कि अगर मौसम ही कारण था, तो उसी काफिले में शामिल अन्य दो हेलिकाप्टर सुरक्षित कैसे अपने गंतव्य तक पहुंच गए। इस हादसे की असली वजहें तो व्यापक जांच के बाद सामने आएंगी, लेकिन फिलहाल ईरान के सामने एक नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान



**- ललित गर्ग -**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओके की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -153 रावण तक पहुंचा, श्री राम- परशुराम जी में विवाद का समाचार



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

महाराज दशरथ के शासनकाल में कौशल प्रदेश की राजधानी सुख समृद्धि से परिपूर्ण है। यहां समय पर वर्षा होती है। मौसम बारहों महीने अनुकूल रहता है।यह क्षेत्र उपजाऊ है और धन-धान्य से परिपूर्ण है। दशरथ कुमारों के विवाह के बाद जैसे इस राज्य में शुभ, मंगल और कल्याण का स्थायी निवास हो गया हो। महाराज दशरथ तो न्याय प्रिय शासक हैं ही। राजकुमार राम समेत अन्य सभी राजकुमार महाराज दशरथ के राज कार्य में सहायता प्रदान करने लगे हैं। अयोध्या की सीमाएं भी सुरक्षित हैं। सीता स्वयंवर और उनके दशरथ पुत्र राम से विवाह के बाद कौशल और मिथिला दोनों राज्यों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हुए हैं और पूरे आर्यावर्त में इन दोनों राज्यों की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

गुरु विश्वामित्र के निर्देश पर ताड़का और सुबाहु के वध तथा मारीच को सैकड़ों योजन दूर समुद्र तट पर फेंक देने के बाद से अब सीमावर्ती वन क्षेत्र से अशांति के समाचार कम मिल रहे हैं। विशेष रूप से श्री राम द्वारा शिव धनुष उठा लेने और इस धनुष के संरक्षक परशुराम जी द्वारा श्री राम को कोई दंड दिए बिना लौट जाने और अपनी शक्तियां उन्हें प्रदान कर देने के समाचार से श्री राम की प्रतिष्ठा में अत्यंत वृद्धि हुई है।

लंकापति रावण अपनी सुवर्ण नगरी के एक विशेष कक्ष में दंडक वन की ओर से लौटे गुप्तचरों से संवाद कर रहा है।मुख पर गंभीरता के भाव हैं।विशाल देहयष्टि वाले रावण के मुख पर घनी मूंछें हैं। यह उसकी कठोर आकृति को और भयंकर बना देती हैं।

'ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी ने शिव का धनुष तोड़ दिया हो और वह भी किसी क्षत्रिय राजकुमार ने ? और इस पर शिव भक्त ऋषि परशुराम ने कोई प्रतिरोधी कदम न उठाया हो?' लंकापति रावण ने गरजते हुए अपने विश्वसनीय गुप्तचर शुक और सारण से पूछा।

'ऐसा ही हुआ है महाराज!' शुक ने बताया।

'जमदग्नि पुत्र परशुराम जी तो क्षत्रियों का नाम सुनते ही क्रोधित हो जाते हैं फिर इतने बड़े अपराध के बाद भी वे घटनास्थल में देर से पहुंचे और दोषी को दंड देने के बदले क्षमा कर दिया? मुझे तो विश्वास ही नहीं होता है।'रावण ने घटनाक्रम में गहरी रुचि लेते हुए टिप्पणी की।

'ऐसा ही हुआ है महाराज!' शुक ने कहा।

'धनुष तोड़ने की धृष्टता करने वाले का नाम क्या है?'

'राम... अयोध्या नरेश दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र।' सारण ने उत्तर दिया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## सामयिक चर्चा

### कहाँ से झूठ सीखते हैं कांग्रेसी?

बानी बोले- ''ध्यान से सुनिए गजाधर!
हम खबर पढ़ते है-
पीसीसी चीफ दीपक बैज कहते है-
भाजपा ने हाथों को,
संघ की शाखा में,
झूठ बोलने के ही पाठ पढ़ाए जाते हैं।
इसीलिए जनता के हक में
उठने वाली आवाज को,
भाजपाई झूठा साबित करने में
लग जाते हैं।
तो गजाधर! इस पर
हम आपसे प्रश्न पूछते हैं-
झूठ बोलना सीखने,
कांग्रेसी कहाँ जाते हैं?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! आपका प्रश्न अच्छा हैं।
सुनिए, उत्तर हम आपको बताते हैं-
देखो, जब वे ''राजनीति में आते हैं,
तो झूठ बोलना,
खुद-ब-खुद सीख जाते हैं।''



\- गिरीश बख्शी

## कविता

### //हे! नारी//

शक्तिहीन नारी नहीं, सूर्य किरण की धूप।
अम्बे चंडी कालिका, गौरी लक्ष्मी रूप।।
गर नारी अपमान हो, भरे देह में क्रोध।
मृत्युदंड साहस रखे, और करें प्रतिशोध।।
पुरुषों सी है योग्यता, उड़ें गगन की ओर।
प्रथम सदा नारी रहे, है जग में यह शोर।।
गंगाजल सा वक्ष हो, ना मलीन ये होय।
सत्य मार्ग चलती रहे, जीवन भर ना रोय।।
हे नारी! चहुं ओर है, तेरा ही गुणगान।
अहम भाव ना पालना, ना खोना सम्मान।।
यश फैले ऐसे सदा, जैसे बहता नीर।
रहे हृदय में सौम्यता, ममता की तस्वीर।।




प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद

## शब्द सामर्थ्य -064

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 063 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कैं | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू- दोकू क्र.064

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.063 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता


### बनना है तो बड़ा बनो

उरद मूंग का पौधा जैसे धरती में गड़ा होता है।
सर्दी, गर्मी, पानी, हवा और प्रकृति से पला होता है।
धरती पर पड़े पड़े, सारे दुखो को सहते है।
आंधी आये या ओले गिरे, सहकर भी रहते है।
मिट्टी की तरह ढ़लकर जस घड़ा बनो
बनना है तो बड़ा बनो।।
मशीनों में कुट पीसकर, सुघ्घर निखर जाते है।
दिखने में है काले कलुठे, पर खाने में मजा आते है।
मिस्त्री के हाथों से हम, कुचले पीटे जाते है।
उबलते तेलो से हमें, उलट पुलट कर नहलाते है।
ऐसी ही तुम जीवन में खरा बनो,
बनना है तो बड़ा बनो।।
मनबड़ा हो, सोच बड़ा हो और लक्ष्य हो बड़ा।
जैसे महापुरुषों ने देश के लिए मरा।
अपने लिए तो सब जीते है, पर दूसरो
के लिये जिये जरा।
ऐसे कर्म करो कि मरकर हो जाये अमर।
जब भी करो तो नेकी करो, न
होना पड़े शरम।
सज्जन के लिए कोमल और दुश्मन के
लिए कड़ा बनो,
बनना है तो बड़ा बनो।।




आनंदराम (सार्वा)
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा। आज आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में मन लगेगा, जिससे समय रहते अपने कार्यों को पूरा कर लेंगे।




**वृषभ**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। आज परिवार के लोगों के साथ तालमेल बनेगा। आज का दिन बेहतरीन है।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, जिससे आपको खुशी होगी। आज आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके कार्यक्षमता को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी।




**कर्क**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगें।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आज आप घर के लिए सामान की खरीददारी करने मार्केट जाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव लोगों को काफी पसंद आयेगा। आज आप अपने खर्चे पर नियंत्रण लगाने का प्लान बनायेंगे। आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको कोई सरप्राइस देंगे।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से आप काफी खुश नजर आएंगे, घर पर पार्टी करने का मन बनाएंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको सफलता मिलने वाली है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आयेगी। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।



**कुंभ**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप दोस्त से अपने मन की बात शेयर करेंगे, वह आपकी बातों को अहमियत देंगे। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे।



**मीन**

आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। आज अपने महत्वपूर्ण काम को पूरा करने में सफल होंगे, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे।

# कलेक्टर ने की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

- स्वच्छता के प्रति जागरूक करने स्कूल और कॉलेज में चलाएं जागरूकता अभियान
- संस्थागत प्रसव कों बढ़ावा देने कार्ययोजना बनाये
- सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में करें खाद्य भंडारण

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिलाधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों कों लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों कों योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का लाभ अनिवार्य रूप से मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने स्तर पर स्व मूल्यांकन और समीक्षा करते हुए विशेष कार्य योजना निर्धारित करें। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय अवधि में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग को स्कूल और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सहज समझ पैदा करने कहा गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए स्वच्छ और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमला के कर्मचारियों को गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी और स्वास्थ्य परीक्षण करने, सभी अनिवार्य टीकाकरण करने, स्वास्थ्य व सुरक्षित प्रसव कराने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। जिले में कुष्ठ उन्मूलन, टीवी उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ऐसी बीमारियों के मरीजों का चिन्हांकन करने और समुचित उपचार करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में खाद्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी मानसून सत्र के दौरान सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य भंडारण करें। समय पर सभी हितग्राहियों को खाद्य पदार्थ मिले और किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखना कहा गया है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर विभागीय समन्वय करने और अपने स्तर पर प्रभावी समीक्षा करते हुए योजना का क्रियान्वयन करने निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वेक्षण उपरांत प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन

मोहला (दावा)। स्वामित्व योजना अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के 468 राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण कर अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। क्रियान्वयन एजेंसी सर्वे आफ इंडिया द्वारा जिला अंतर्गत मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, औंधी, खड़गांव के क्रमशः कुल 307 ग्रामों के शीटों का मसौदा मानचित्र (मैप-2) आवश्यक सुधार एवं आबादी भूमि के सभी भूखंडों के क्रमांकित कर संपत्ति धारकों का विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया गया हैं। प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन (परिशिष्ट-7) में किया जाना है। इस हेतु तहसीलवार ग्रामों की सूची मय मसौदा मानचित्र (मैप-2) तहसीलों को प्रदान किया जा चुका है। अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन के लिए परिशिष्ट-7 संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। सूची में दर्शित ग्रामों के प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 20 मई संबंधित ग्राम पंचायत में कराया गया है। तहसीलदार ई-कोर्ट में प्रकरण दर्ज कर ईश्तहार का ग्रामवार प्रकाशन किया जा रहा हैं। साथ ही निर्धारित 15 दिवस तक दावा आपत्ति प्राप्त कर सुनवाई पश्चात प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। दावा आपत्ति निराकरण कर सर्वे ऑफ इंडिया को अंतिम प्रकाशन हेतु संशोधित (मैप-3) उपलब्ध कराने प्रेषित किया जावेगा। प्रशासन की अवधि में यदि किसी संपत्ति धारक द्वारा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति नहीं किया जाता है, तो अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही प्रारंभ कर अधिकार अभिलेख निर्माण की जा सकेगी।

# शिवमहापुराण कथा को लेकर ग्रामीणों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह



गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई में 18 जून से पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा शिवमहापुराण का कार्यक्रम होने जा रहा है उक्त कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भीड़ आने की संभावना है जिसके चलते समिति हर पहलू पर ध्यान दे रही है जैसे जैसे समय नजदीक आते जा रहा है समिति को हर वर्ग के लोगों का भरपूर सहयोग मिलने लगा है। शिव महापुराण के लिए नगर के कन्या स्कूल में भोजन भंडारे की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव किया गया था उक्त कार्यक्रम स्थल से महज 800 मीटर की दूरी पर कन्या स्कूल स्थित है जिसके चलते भक्तों को भंडारे में आने जाने में सहूलियत होगी पर उक्त कन्या स्कूल के मैदान में विडंबना ये थी कि पूरा मैदान कटीले झड़ियों से भरा पड़ा था जिसकी सफाई किया जाना अनिवार्य था। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए लगभग 10 से 15 गॉव के ग्रामीण लगभग 200 सौ की संख्या में दिनांक 21 जून को अपने साथ रापा, कुदाली एवं अन्य जरूरी सामान लेकर सुबह 9 बजे स्वस्फूर्त होकर समिति के सदस्यों के साथ पहुंचे और श्रम दान करते हुए दोपहर 2 बजे तक मैदान की पूरी साफ सफाई किये है और कटीले झड़ियों की सफाई किये। श्रम दान कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि ये हमारे लिए खुशी की बात है कि शिवमहापुराण कथा में हमे भी सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# पहला कॉलम...

## डोंगरगांव देवांगन समाज का आमसभा कोनारी में



डोंगरगांव (दावा)। नगर के समीप स्थित ग्राम कोनारी आरी में डोंगरगांव देवांगन समाज का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। आम सभा का शुभारंभ देवांगन समाज की कुलदेवी माँ परमेश्वरी का पूरे विधि विधान से पूजन के साथ किया गया। सभा में समाज के वरिष्ठ नागरिक को सभापति नियुक्त किया गया। आम सभा में जिला, ब्लाक, मंडल, ईकाई एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभा में वार्षिक आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ ग्राम देवरी (सांकरदाहरा) में निर्माणाधीन देवांगन समाज के परमेश्वरी मंदिर की रूप रेखा तैयार किया गया। पूर्व कार्यकारणी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी सदस्यों को अपना कार्यभार सौंपा। सभा में दसवीं, बारहवीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का पदक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। उक्त जानकारी नवीन कुमार देवांगन ने दी।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा में भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया भारत में संचार क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर उनका पावन स्मरण करते हैं एवं कोटि-कोटि नमन किया गया। यह राजीव जी की ही दूरदर्शिता थी कि जब भाजपा के नेता कंप्यूटर का विरोध कर रहे थे, तब वे भारत को 21वीं सदी में वैश्विक शक्तियों के समकक्ष बनाने का स्वप्न बुन रहे थे। पंचायती राज और 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार भी स्व. राजीव जी की ही देन है उपस्थित रहे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजू सिन्हा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू जनपद सदस्य लता बंजारे, पुरन नेताम, तुलसी मंडावी, ललित साहू, मानिक पटेल, रघबीर सेवता, रोशन साहू, यशवंत सिन्हा, जनक बंजारे, संतोष सिन्हा, चोवा राम, संतोष सिन्हा अनिल तेमरे, देवघर देवांगन जनक बंजारे, रूपलाल साहू, फगवा राम, यादराम साहू, टीमन लाल शिव कुमार साहू, लोमेश कुमार साहू, संतोषी साहू रहे।

## संजारी राज झेरिया धोबी समाज का बैठक संपन्न



हरदी (दावा)। संजारी राज झेरिया धोबी समाज का बैठक सामाजिक भवन देवरी बंगला में रखा गया जिसमें सामाजिक महासभा का आय व्यय की जानकारी और सामाजिक नियमों पर विचार, सामाजिक बच्चों के उच्च शिक्षा पर जोर देने पर सलाह विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित समाज के अध्यक्ष तारम रजक, कोषाध्यक्ष निर्मल रजक, महासचिव कुंभकरण निर्मलकर, सचिव रोशन कुमार, हेमंत निर्मलकर, भोजराम करसेल, चंदु रजक, अशोक निर्मलकर, नीलकंठ निर्मलकर, तामेश्वर, राकेश कुमार निर्मलकर, विजय निर्मलकर अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ

मोहला (दावा)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला कार्यालय मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

# एसडीओपी एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा थाना क्षेत्र के सरंपच, सचिव एवं कोटवारों का ली गई बैठक



डोंगरगढ़ (दावा)। एसडीओपी एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं कोटवारों की बैठक ली। बैठक में सरपंच, सचिव एवं कोटवारों को लोगों को चोरी, ठगी, सायबर जैसे अपराधों से बचने के लिये जागरूक करने एवं पुलिस की सहयोग करने अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आज 21 मई को थाना डोंगरगढ परिसर में थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं कोटवारों का बैठक आहुत की गई थी।

बैठक में थाना क्षेत्र के सभी सरपंच, सचिव एवं कोटवार उपस्थित हुये। बैठक में चोरी, ठगी, सायबर संबंधी होने वाले आपराधों के रोकथाम हेतु एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सरपंच, सचिव एवं कोटवार से चर्चा कर अपराधों से बचने एवं अपने-अपने ग्रामों में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। साथ ही गांव में घुमने वाले, फेरी लगाने वाले लोगां का नाम पता कोटवारी पंजी में दर्ज करने थाना में सूचना देने एवं क्षेत्र में कहीं कोई अनजान व्यक्ति जो संदिग्ध लगता है, घुमते-फिरते दिखता है या कहीं रूके हैं तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देकर सहयोग करने की अपील की गई।

# समाजसेवी परेटन बाई साहू का निधन, दामाखेड़ा से पहुंचे जगतगुरुओं ने किया अंतिम संस्कार



- कबीर पंथ के संस्थापक प्रकाशमुनी साहेब को दान में दी 25 एकड़ जमीन
- परेटन बाई साहू की अंतिम दर्शन पाने पूरा गाव उमड़ पड़ा

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत भूरभूसी के वार्ड क्रमांक 8 निवासी परेटन बाई साहू 75 वर्ष का मंगलवार 21 मई को सुबह 5:00 बजे निधन हो गया, वे दामाखेड़ा में अंतिम सांस ली, बताया जाता है कि 15 से 20 दिन पहले परेटन बाई साहू की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 20 दिन तक परेटन बाई साहू जीवन और मृत्यु से संघर्ष करते रहे, जब उससे मिलने दामाखेड़ा के जगतगुरु प्रकाश मुनि साहेब जब अस्पताल में मिलने गए तो उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए वहां से छुट्टी कराकर दामाखेड़ा के अस्पताल में उचित इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार 21 मई को सुबह 5:00 बजे अंतिम सांस ली बताया जाता है कि मृतिका बाई साहू के परिवार में आगे पीछे कोई नहीं है इसी कारण गांव गत दो साल से स्वयं सदगुरु कबीर संत समागम समारोह कार्यक्रम का आयोजन करते आई है, आयोजन में होने वाले सभी प्रकार के खर्च उनके द्वारा करते आई है। उन्होंने प्रवचनकर्ता प्रकाश मुनि नाम साहब का जब 03, 04 एवं 05 अप्रैल तीन दिवसीय संत समागम कार्यक्रम भूरभूसी में हुआ तो समाज सेवी परेटन बाई साहू पूरे कार्यक्रम का खर्च स्वयं वहन किए, उन्होंने गुरु गोसाई डॉ. भानुप्रताप साहब की उपस्थिति में 20 हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति में अपनी स्वयं की 25 एकड़ जमीन साहब को दान किए थे। परेटनबाई साहू के अंतिम संस्कार में दामाखेड़ा से महंत ज्ञानीदास, प्रेमदास, पंचम साहू, कमलेश साहू, प्रशांत शर्मा, प्रमोद साहू, चमन लाल वर्मा, भोंदू भोंदरू राम साहू, मनकी साहू, मिलऊ साहू, अग्रसेन, भोला वर्मा, रामेश्वर साहू, तेजराम साहू सहित लगभग 25 लोग दामाखेड़ा से पहुंचे थे।

# डोंगरगढ़ पुलिस ने बिछड़ो को अपनों से मिलाया

## विष्णु लोधी ने सामाजिक बंधुओं के साथ, थाने का घेराव कर ज्ञापन सौंपा था



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडी भीती डोगरगढ़ मारिष कुजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लांबत अपराध, मर्ग, गुम इसान प्रकरण के निकाल हेतु साना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी. आमाथी चन्द्रा द्वारा अभियान बलामा का रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इसान क्र0-53/2024 के गुमशुदा 42 साल की महिता जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नाहीं रहती जी दिनाक 10.05.2021 को घर से बिना बतायें कहीं चली गई थी जिसे परिजन के सार राजनांदगाव में बरामद कर दस्ता किया गया है। महिला सेला करने वर अपने साथ विली प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताई। जिसे उनके परिजनों को सुपुर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी चांहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

विष्णु लोधी ने सामाजिक बंधुओं के साथ, थाने का घेराव कर ज्ञापन सौंपा था। छत्तीसगढ़ राज्य तीर्थी समाज के दिनों बाद भी घायल बच्ची का कोई सुराग न मिलने से आक्रोशित लोधी समाज व क्षेत्रवासियों के साथ सोमवार को मोहाना चौकी का घेराव कर शासन प्रशासन के खिलाफ कानकर नारेचाजी कर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया था कि किमान डोमन सिंह वर्मा याम करेला पुलिस चौकी मोद्वारा की 21 वर्षीय पुत्री कुमारी मलम 16 मई को शादी में गई थी इसके बाद से ही वह लापता है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद बबी का कोई भी सुराग नहीं मिल पा रहा है। पुलिस ने बच्ची की तलाश में अपनी पूरी तकरीक रखी है पर बच्चे का कहीं पर भी कोई पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस द्वारा बच्ची का पता लगाने में अब तक असफल रहने से नाराज लोधी समाज ने पहले तो एक बैठ आयोजन किया। बैठक में प्रमुख रूप में कलीम राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी सम्मिलित हुए, जिसमें लापता बच्ची के संबंध में पर्चा की गई। चर्चा उपरांत बड़ी संख्या में बैठक में मौजूद समाज के आक्रोशित लोगों ने मोटारा चौकी में हेमलता को वापस लाना होगा पुलिस प्रशासन हित में आओं के नारे लगाते रहे। इस बीच एएसआई मद्र यादव ने आक्रोशित लोगों को समझाइश देते हुए बताया कि पुलिस बच्ची की तलाश में कोई भी कसर नहीं छीड रही है। बच्ची की जानकारी के साथ उसके लापता होने की सूचना राजनांदगांव जिला सहित अन्य कई जिलों के सभी थाना-चौकियों में भी दी गई है। बच्ची की ताथ के लिए सभी आधुनिकनीकों की भी सहायता ती जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों को भी गाने में बैठकर की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से कहा कि आप लोग पुलिस का सहयोग करें पुलिस बाबी की तलाश करते हर संभव क्रमशः बन्न सही है जल्द ही बच्ची का या लगा लिया जाएगा। जाने विष्णु लोधी ने कहा था की बच्ची का सुराग पुलिस प्रसासन कल्द से जल्द पता नहीं लगा पाती है ती उग्र जादोलन एवं मुरखा मार्ग पर लोधी समाजद्वारा चक्का जाम किया बागा। जिसकी समद निशान की होगी। इससे पूर्व एसपी को ज्ञापन सौंपने की बात कही गई ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख उपस्थित रहे।

# ब्लू बर्ड संस्था द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के ग्राम डुमरडीहखुर्द में माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं उनके स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच थी जिसमें लगभग 50 से 55 महिलाओं, किशोरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव कि सहभागिता के साथ प्राथमिक जांच प्रकिया संपन्न की गयी। मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में यह शिविर संपन्न की गई। ब्लू बर्ड संस्था की डायरेक्टर सुधा वर्मा ने शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस है चूँकि ब्लू बर्ड संस्था माहवारी स्वच्छता एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र मे विगत 4 बर्षो से कार्यरत है इसी कड़ी में यह स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के बीच गर्भाशय से जुड़ी भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हर वर्ष करती है। इस कड़ी में 28 मई को एक और शिविर किया जाना है। आज संस्था की नन्ही फुलवारी सदस्य सुमन यादव, चंचल, टिकेश्वरी, किरण वर्मा, लोकेश, अमीषा चंदेल, प्रीति वर्मा, कंचन वर्मा उपस्थित रहे और मेडिकल कॉलेज स्त्री रोग विशेषज्ञ मीना जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में कलेक्टर ने लिए बैठक

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी मानसून सत्र के दौरान प्राकृतिक आपदा एवं बचाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी मानसून 2024 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्ट आदि से बचने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने सरकूलर जारी किया गया है। कलेक्टर ने मानसून सत्र के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जारी सरकुलर के अनुसार आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर पुनः विस्तृत चर्चा करने और सभी तथ्यों को यथा समय दुरस्त कर लेंने कहा गया है। समस्त वर्षा मापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने कहा गया है। जिन तहसीलों में वर्षामाफी यंत्र नहीं लगाए गए हैं, वहां वर्षामापी यंत्र तत्काल स्थापित करने की कार्रवाई करने, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया है। उक्त कंट्रोल रूम 1 जून से 24 घंटा कार्य करेगा तथा कंट्रोल रूम की जानकारी आम नागरिकों को भी उपलब्ध कारयया जायेगा एवं इनका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकाशवाणी व दूरदर्शन में भी कराया जायेगा। पहुंच विहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होता है, वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां आदि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराया जायेगा। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुआं, हैंडपंप आदि के लिए ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगा। जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, इन क्षेत्रों में सतत निगरानी व विशेष व्यवस्था किया जायेगा। ऐसे क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनका ठहरने के लिए कैंप आदि की संपूर्ण योजना तैयार किया जायेगा। बाढ़ से बचाव संबंधित जो उपकरण जिले में उपलब्ध हो उनकी दुरस्ती कराकर तुरंत उपयोग हेतु तैयार रखा जायेगा। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपों की स्थापना किया जायेगा। असुरक्षित पेड़ों की छटाई करना और सूचना पटल, होर्डिंग हटाना/सुरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए। नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखा जायेगा, जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर उनकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था किया जायेगा, तत्काल सुरक्षा उपाय किया जायेगा। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किये जायेगा ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके तथा बांधों का जल स्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घंटे पूर्व सूचना दी जायेगा। बाढ़ से बचाव, बचाव और राहत गतिविधियों या किसी अन्य स्वयंसेवक में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच की व्यवस्था किया जायेगा। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकें की विशेष बुखार उल्टी दस्त मलेरिया आदि लक्षण वाले लोगों को अलग-अलग किया जा सके। बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी नियमित रूप से राहत आयुक्त कार्यालय के कार्यालय के दूरभाष क्रमांक (0771) 2223471, फैक्स 2223472 पर निर्धारित परिशिष्ट-1 में प्रतिदिन दिया जायेगा। राहत कार्यो हेतु राहत मैन्युअल का पालन सुनिश्चित किया जावे।

# रानी मंदिर में भगवान श्रीनरसिंह अवतार पर पूजा



छुईखदान (दावा)। बैशाख शुक्ल चतुर्दशी 21 मई मंगलवार को रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्री हरि विष्णु के चतुर्थ व शक्ति, पराक्रम रौद्र अवतार भगवान श्री नरसिंह की गोधुलि बेला में प्रकटोत्सव पर आरती पूजा हुआ। रानी मंदिर समिति संरक्षक लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने जानकारी दी कि दिन और रात के मध्य समय संध्याकाल में भक्त प्रहलाद के भगवान श्री हरि पर अटूट, अगाध, श्रद्धा एवं विश्वास से प्रसन्न होकर भक्तों की रक्षा करने भगवान नरसिंह खम्भे से प्रकट अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त प्रहलाद की रक्षा किये। अद्भुत वरदान प्राप्त होने के कारण भगवान को भक्त की रक्षा हेतु अद्भुत नर एवं सिंह, शक्ति तथा शौर्य के प्रतीक रुप में अवतार लेना पड़ा। भक्त जन श्री नरसिंह जय, जय नरसिंह का जाप एवं स्तुति किये। संकटनाशन मंत्र ऊं उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम् का पाठ करने से बड़े समस्याओं से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर अनिल पुजारी रानी मंदिर, पं अरविन्द शर्मा, दिनेश मुकेश महोबिया, प्रहलाद महोबिया, काजल तम्बोली, गुड्डी तम्बोली, भारती यादव, गायत्री महोबिया, दुर्गा यादव, मानिक श्रीवास, चांदनी यादव, पायल भूमि, वेद यादव, पीहू यादव, कार्तिक साहु बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के सम्मान में भारत में राष्ट्रीय शोक

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति रईसी रविवार को पूर्वी अजरबैजान से लौट रहे थे। तभी अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब दुर्घटना घटी। सोमवार को सभी के मरने की पुष्टि हुई। आज भारत में राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन और सात अन्य की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत से हर कोई दुखी है। इन नेताओं की अचानक मौत भारत के लिए भी एक बड़ा नुकसान है। भारत में आज राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है। देशभर की सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। राष्ट्रपति भवन में तिरंगा आधा झुका नजर आया। बता दें, रईसी रविवार को पूर्वी अजरबैजान से लौट रहे थे। तभी अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब दुर्घटना घटी, जो ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर है। सोमवार को सभी के मरने की पुष्टि हुई।

### लंदन से सिंगापुर जा रही फ्लाइट में टर्बुलेंस की वजह से एक यात्री की मौत

नई दिल्ली। लंदन से सिंगापुर जा रही एक फ्लाइट में एयर टर्बुलेंस की वजह से एक यात्री की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। लंदन से उड़ान भरने के कुछ देर प्लेन जोर से हिलने लगी, जिसके बाद फ्लाइट में हड़कंप मच गया। लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान में गंभीर गड़बड़ी के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान स्क्त321 हीथ्रो हवाई अड्डे से सिंगापुर के रास्ते में थी, जब उसे गंभीर एयर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। एयर टर्बुलेंस की वजह से फ्लाइट को स्थानीय समयानुसार दोपहर 3.45 बजे बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। फ्लाइट में कुल 211 यात्रियों के अलावा 18 क्रू सदस्य सवार थे।

फ्लाइट शाम 6 बजकर 10 मिनट पर सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरने वाली थी। सिंगापुर एयरलाइंस ने मृतक यात्री के परजनों के प्रति शोक जताया है। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 73,850 के नीचे फिसला

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई है और स्टॉक मार्केट में लाल निशान में कारोबार खुला है. बाजार में ओपनिंग के साथ ही इंडिया वॉलिटेलिटी इंडिया यानी इंडिया ङ्कढ्ढङ्ग करीब 20 महीने की ऊंचाई पर आ गया है. ये सितंबर 2022 के लेवल के करीब आ गया है. मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस शेयरों में तेजी दिख रही है. एफएमसीजी, आईटी, रियल्टी और हेल्थकेयर इंडेक्स सेक्टर में गिरावट है. बीएसई का सेंसेक्स 162.98 अंक या 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 73,842 के लेवल पर ओपन हुआ है. एनएसई का निफ्टी 97.45 अंक या 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ 22,404 के स्तर पर खुला है. ब्स्श्व का मार्केट कैपिटलाइजेशन 412.09 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है और इसमें 3275 शेयरों पर ट्रेड हो रहा है. इसमें से 1413 शेयर तेजी पर हैं और 1682 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. 180 शेयरों में बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार हो रहा है. 143 शेयरों पर अपर सर्किट लगा हुआ है जबकि 81 शेयर लोअर सर्किट पर हैं.

### टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका, चोटील हुए जोस बटलर

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान आईपीएल प्लेऑफ से पहले अपने देश लौट चुके हैं. दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी. लेकिन इस सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर चोट का शिकार हो गए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में जोस बटलर को बाहर बैठना पड़ सकता है. लेकिन सवाल है कि क्या टी20 वर्ल्ड कप तक जोस बटलर फिट हो पाएंगे? अगर जोस बटलर जोस टी20 वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं हुए तो इंग्लैंड टीम के लिए बड़ा झटका होगा.

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 22 मई को खेला जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोस बटलर पहले मैच में खेल नहीं पाएंगे. साथ ही इस बात के आसार बेहद कम हैं कि जोस बटलर इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में खेल पाएंगे. हालांकि, अब तक जोस बटलर के चोट पर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. बताते चलें कि पिछले दिनों आईपीएल के बीच जोस बटलर टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर अपने देश लौट गए. संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर का प्लेऑफ से पहले इंग्लैंड लौटना बड़ा झटका माना जा रहा है.

# कोलकाता ने क्वालिफायर-1 में अजेय रहने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा, चौथी बार बनाई फाइनल में जगह

अहमदाबाद। दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया और हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर शान से फाइनल में जगह बनाई।

केकेआर के लिए तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। इसके बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। कोलकाता की टीम तीन बार क्वालिफायर-1 खेल चुकी है और तीनों ही मौकों पर उसे जीत मिली है। केकेआर ने क्वालिफायर-1 में अजेय रहने का अपना रिकॉर्ड हैदराबाद के खिलाफ भी बरकरार रखा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल त्रिपाठी के 35 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 19.3 ओवर में 159 रन बनाए। केकेआर की ओर से आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा महंगे बिकने वाले स्टार्क ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट झटके। जवाब में कोलकाता के लिए वेंकटेश और श्रेयस ने शानदार बल्लेबाजी की।



इन दोनों की बेहतरीन पारियों की मदद से केकेआर ने 13.4 ओवर में ही दो विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। कोलकाता की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2012, 2014 और 2021 सीजन के खिताबी मुकाबले में पहुंची थी जिसमें से टीम ने दो बार ट्रॉफी जीती थी। श्रेयस ने 24 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्के की मदद से नाबाद 58 रन और वेंकटेश अय्यर ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए।

#### हैदराबाद को मिलेगा एक और मौका

कोलकाता की टीम भले ही आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी, लेकिन हैदराबाद की टीम हार के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है और उसे खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने का एक मौका और मिलेगा। हैदराबाद का सामना अब क्वालिफायर-2 में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से शुक्रवार को होगा। क्वालिफायर-2 की विजेता टीम का सामना रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर होने वाले खिताबी मुकाबले में केकेआर से होगा।

#### कोलकाता की तेज शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता को रहमानुल्लाह गुरबाज और सुनील नरेन की तेज शुरुआत दिलाई। फिल सॉल्ट की अनुपस्थिति में खेलने उतरे गुरबाज ने टीम को निराश नहीं किया और पहले विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की। टी. नटराजन ने पावरप्ले के बाद हालांकि गुरबाज को आउट कर केकेआर को पहला झटका दिया। गुरबाज 14 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नरेन ने भी हाथ खोले और कुछ शॉट्स लगाए, लेकिन पैट कमिंस ने नरेन को आउट कर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। नरेन 16 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए।

#### वेंकटेश-श्रेयस की दमदार बल्लेबाजी

दो झटके लगने के बाद ऐसा लग रहा था कि केकेआर की टीम दबाव में आ जाएगी, लेकिन वेंकटेश और श्रेयस ने दमदार बल्लेबाजी की और हैदराबाद के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। हैदराबाद की इस दौरान फील्डिंग अच्छी नहीं रही और टीम ने दो बार श्रेयस अय्यर को जीवनदान दिया। इसका फायदा श्रेयस ने बखूबी उठाया। पहले वेंकटेश ने अर्धशतक जड़ा और फिर श्रेयस भी पचासा पूरा करने में सफल रहे।

## भारत से एक्सपोर्ट होने वाले मसालों को लेकर गाइडलाइंस जारी

नई दिल्ली। भारत से निर्यात किए जाने वाले मसालों को लेकर कुछ समय से खबरें आ रही हैं और कई देशों ने भारत के मसालों में ईटीओ यानी एथिलीन ऑक्साइड के होने का आरोप लगाकर एक्शन लिया है. ईटीओ यानी एथिलीन ऑक्साइड एक कैंसर कॉजिंग कैमिकल है जिसके भारतीय मसालों में मिले होने के आरोपों के कारण विदेश में भी काफी किरकिरी हुई थी. इसके बाद भारत में सरकार हरकत में आई है और इसको लेकर कदम उठाया है.




भारत से एक्सपोर्ट होने वाले मसालों में ईटीओ यानी एथिलीन ऑक्साइड से होने वाले कन्टामिनेशन को रोकने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश (गाइडलाइंस) आई हैं. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है. अधिकारी ने कहा कि सरकार ने सिंगापुर और हांगकांग को एक्सपोर्ट किए जाने वाले मसालों की अनिवार्य जांच जैसे अन्य निवारक उपाय किए हैं. कुछ मसालों में ईटीओ अवशेषों की मौजूदगी के कारण सिंगापुर और हांगकांग में दो भारतीय मसाला ब्रांड्स के उत्पादों को वापस मंगाने की खबरों के बीच यह कदम महत्वपूर्ण है. अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग के लिए ईटीओ के अनिवार्य प्री-शिपमेंट नमूनाकरण और टेस्टिंग शुरू कर दी गई है. वहीं ईटीओ के संभावित कन्टामिनेशन से बचने के मकसद से सप्लाई के सभी चरणों (सोर्सिंग, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट, टेस्टिंग) को दायरे में लाते हुए सभी निर्यातकों के लिए दिशानिर्देश लागू किए गए हैं. अधिकारी ने कहा कि मसाला बोर्ड ने एक्सपोर्टर्स से समय-समय पर सैंपल भी लेने के लिए कहा है. इसके आधार पर सुधारात्मक उपाय लागू किए जाते हैं. मामले को समझाते हुए एक अन्य अधिकारी ने कहा कि खाद्य उत्पादों में कुछ हद तक सैंपल फेल होने की दर होती है और भारत में यह एक फीसदी से भी कम है.

अधिकारी ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में, लगभग 14 लाख टन मसालों में से 99.8 फीसदी अलग-अलग देशों की क्वालिटी कंट्रोल जरूरतों को पूरा करते हैं.

## पेरिस ओलंपिक्स, विनेश फोगाट समेत 6 पहलवानों को डायरेक्ट एंट्री

नई दिल्ली। 2024 में पेरिस ओलंपिक्स करीब आते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 26 जुलाई को होगी और ये खेल 11 अगस्त तक चलेंगे. अब भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को बयान देते हुए बताया है कि आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में कोई ट्रायल नहीं होगा. इस फैसले का मतलब है कि कोटा मिले हुए रेसलर्स को ओलंपिक खेलों में सीधी एंट्री दी जाएगी. पुराने अधिकारियों ने ट्रायल का नियम बनाया था, लेकिन अब कुछ एथलीट्स की मांग पर ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया गया है.



कोटा के तहत ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय जत्थे में शामिल पहलवानों में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), रितिका हुड्डा (76 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) शामिल हैं. वहीं पुरुष पहलवानों में कोटा से ओलंपिक खेलों में जाने वाले एकमात्र पहलवान अमन सहरावत होंगे, जो 57 किग्रा स्पर्धा में भाग लेंगे. अमन सहरावत और निशा दहिया ने इसी साल इस्तांबुल में हुए रेसलिंग क्वालीफायर्स में अच्छा करते हुए कोटा हासिल किया था. यानी कोटा मिलने वाले 6 रेसलर्स अब बिना ट्रायल प्रक्रिया से गुजरे ओलंपिक खेलों में दावेदारी पेश कर पाएंगे.

#### क्यों मिल रही डायरेक्ट एंट्री?

WFI के अध्यक्ष संजय सिंह ने अपनी स्टेटमेंट में डायरेक्ट एंट्री का कारण बताते हुए कहा, 5 पहलवानों ने हमसे आग्रह किया था कि ट्रायल ना करवाए जाएं क्योंकि इससे उनकी तैयारियों पर असर पड़ेगा. ऐसे में उन्हें वजन घटाना पड़ता और पूरा ध्यान ट्रायल्स पर चला जाता. चूंकि पेरिस ओलंपिक खेलों में बहुत कम समय बचा है इसलिए चयन समिति ने ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया है और ओलंपिक टीम में कोटा मिले रेसलर्स जाएंगे. WFI पहले भी ऐसा ही करता आया है.

## वैज्ञानिकों ने खोजा अजीबोगरीब जीव, बना लेता है खुद का क्लोन

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने एक अविश्वसनीय खोज की है, वैज्ञानिकों ने एक 155 मिलियन वर्ष पुराना प्राणी जो खुद का क्लोन बनाने की क्षमता रखता था को खोजा है। इस विचित्र जीव की खोज पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, स्टारफिश जैसे इस जीव की छह भुजाएं थीं और वह अपने शरीर से खुद का क्लोन बना सकता था। साइंस अलर्ट के अनुसार, एक तरह के जीवाश्म की खुदाई 2018 में जर्मनी में चूना पत्थर के भंडार से की गई थी, जो कभी मूंगा घास के मैदानों और स्पंज बेड से भरा एक गहरा लैगून था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह भंगुर तारे की नई प्रजाति का एकमात्र ज्ञात नमूना है, जिसे उन्होंने ओफियाक्टिस हेक्स नाम दिया है।



क्लोनल विखंडन ने जीव को अपने शरीर के कुछ हिस्सों को तोड़कर और उन्हें फिर से विकसित करके आनुवंशिक रूप से समान संतान पैदा करने की अनुमति दी, इस प्रक्रिया को विखंडन कहा जाता है।लक्ज़मबर्ग के म्यूसी नेशनल डी हिस्टोयर नेचरले के जीवाश्म विज्ञानी डॉ. बेन थ्यू ने नए पेपर में वर्णन करते हुए लिखा है, हालांकि क्लोनल विखंडन के जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी को तुलनात्मक रूप से अच्छी तरह से समझा जाता है, लेकिन उस घटना के विकास और भूवैज्ञानिक इतिहास की खोज के बारे में वस्तुतः कुछ भी ज्ञात नहीं है।

यह महत्वपूर्ण है क्योंकि वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोनिंग को विकसित होने के सटीक समय के बारे में जानकारी नहीं है। कहा जा रहा है कि 155 मिलियन वर्ष पुराने जीवाश्म को इतनी अच्छी तरह से संरक्षित किया गया है कि सभी हुक-आकार की बांह की रीढ़ दिखाई देती है। इसका नाम टेरी प्रचेत के डिस्कवर्ल्ड उपन्यासों में से एक में जादुई सुपर कंप्यूटर के नाम पर रखा गया था, एक ऐसी मशीन जो अकल्पनीय सोचने में सक्षम है।

## दक्षिण अफ्रीका ने ढूंढा 420 टन सोना

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को सोने का बड़ा खजाना हाथ लगा है, जिसकी कीमत भारतीय करंसी में देखें तो करीब 1999 अरब रुपये बताई जा रही है. दरअसल,एक युवा शोधकर्ता को मास्टर डिग्री के लिए थीसिस तैयारी करनी थी. शोध के दौरान उसने अपने शहर जोहान्सबर्ग में अदृश्य सोने के सैकड़ों टन भंडार की खोज की, जिसकी कीमत 24 अरब डॉलर है.

यूनिवर्सिटी ने उनकी डिग्री को अब पीएचडी में अपग्रेड कर दिया. स्टेलनबाश यूनिवर्सिटी के छात्र स्टीव चिंगवारू ने जोहान्सबर्ग के खदान डंप को शोध का विषय बनाया. ये डंप सोने की खदान से निकले कचरे से बना हुआ है, जो एक टीले के रूप में नजर आता है.

## टीम इंडिया का हेड कोच बनना चाहते हैं हरभजन सिंह

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है. ऐसे में टीम इंडिया को नया कोच देने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चयन प्रक्रिया को तेज कर दिया है. पहले स्टीफन फ्लेमिंग, फिर रिकी पोंटिंग और गौतम गंभीर के नाम सामने आ चुके हैं. मगर अब मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि भारतीय दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने भारतीय टीम का नया कोच बनने की इच्छा जताई है. रिपोर्ट्स अनुसार हरभजन का कहना है कि उनके अनुसार कोच होने का मतलब टीम को मैनेज करना होता है, ना कि खिलाड़ियों को बैटिंग या बॉलिंग सिखाना.



हरभजन का कहना है कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो क्रिकेट फील्ड पर दोबारा जरूर आना चाहेंगे. कोचिंग का मतलब टीम को मैनेज करना है ना कि खिलाड़ियों को ड्राइव या पुल शॉट सिखाना. हरभजन ने कहा है कि ये खिलाड़ी पहले से सबकुछ जानते हैं लेकिन एक अच्छा कोच उनका सही मार्गदर्शन कर सकता है. बता दें कि BCCI ने पिछले हफ्ते एलान किया था कि टीम इंडिया के नए हेड कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. नए कोच का कार्यकाल 1 जुलाई, 2024 से शुरू होकर 31 दिसंबर, 2027 तक चलेगा.

## प्रथम पेज का शेष

*ढोल और थाली बजाएं....*

सरकार की नीतियों और फैसलों में सबसे आगे आई हैं. हालांकि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है, लेकिन यह भारत की सफलता की कहानी का प्रमुख कारक है. मुझे बताइये, अगर आपके बिना घर नहीं चल सकता तो आपके बिना देश कैसे चल सकता है? ये बात 60 साल तक सरकारों को समझ नहीं आई.

*जूता कारोबारियों के घर नोटों ..*

बीते 10 सालों में आयकर विभाग की यह सबसे सफल कार्रवाई मानी जा रही है, जिसमें नगदी के साथ पर्ची कारोबार सिस्टम का खुलासा हुआ, वहीं जूता कारोबार में अलग अलग तरीके से चल रही टैक्स की चोरी की जानकारी मिली है।

*विधायक भावना का बड़ा कदम*

जिसे बीजेपी सरकार ने बंद कर दिया है। इस हादसे कजे शिकार लोगों को अब सरकारी मुआवजा ही मिलेगा। एसपी पल्लव ने दी मामले की जानकारी - मामले की जानकारी देते हुए एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि, हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे। सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि, हादसे के समय पिकअप में 30 से 35 लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से हादसे की आशंका है। सड़क के किनारे 20 फीट की खाई में पिकअप के पलट जाने से ये हादसा हुआ।

# एलिमिनेटर में राजस्थान-बेंगलुरु की भिड़ंत, हारने वाली टीम का सफर होगा खत्म

नई दिल्ली। संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को आईपीएल के प्लेऑफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। इस मैच में जो टीम हारेगी वो फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी जबकि जीतने वाली टीम क्वालिफायर दो पहुंचेगी।

#### राजस्थान और बेंगलुरु का इस सीजन प्रदर्शन

एक समय पर राजस्थान का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था, लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रहा। आईपीएल के पहले सत्र 2008 की विजेता राजस्थान कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही था, लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुईं। दूसरी ओर आरसीबी प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डुप्लेसिस की टीम ने गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई।



#### बटलर के जाने का बल्लेबाजी पर पड़ा असर

जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं। हालांकि, अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं।

#### गेंदबाज हो सकते हैं उपयोगी

अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की मददगार नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है।

#### शानदार फॉर्म में कोहली

आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ भी फॉर्म में लौट आए हैं, जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है क्योंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं। पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई के महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी। वह इस लय को कायम रखना चाहेंगे।

## खेल में उम्र को लेकर कोई नरमी नहीं, टीम में जगह के लिए युवाओं से टक्कर रहती है

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 से चेन्नई सुपर किंग्स की विदाई हो चुकी है। सीएसके के बाहर होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी भी अपने गृहनगर रांची लौट चुके हैं। हालांकि, इस बीच धोनी का एक इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उन्होंने कई मुद्दों पर बातचीत की है। उन्होंने खेल में उम्र के प्रभाव को लेकर भी बातचीत की है। माही ने कहा कि पेशेवर खेल में उम्र को लेकर कोई नरमी नहीं बरती जाती। उम्रदराज खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने के लिए युवा खिलाड़ियों से टक्कर लेनी पड़ती है।



इसलिए उन्हें खुद को सुपरफिट रखना पड़ता है। 42 साल के धोनी ने इस सीजन बतौर फिनिशर कुछ बेहतरीन छक्के लगाए। हालांकि, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ धोनी अपनी टीम को जीत तक पहुंचाने में नाकाम रहे थे। धोनी के छक्का मारने की क्षमता और फिटनेस किसी भी अन्य खिलाड़ी जितनी अच्छी है। पूर्व भारतीय कप्तान का कहना है कि उनके पास कड़ी मेहनत करने और फिट रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि कोई भी आपको उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता है। धोनी ने 2024 आईपीएल सीजन की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी थी। विश्व कप विजेता कप्तान ने आईपीएल 2024 में 220.55 के स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए। कई फैंस का मानना है कि धोनी दो साल और खेल सकते हैं, जबकि कुछ का मानना है माही अपना आखिरी सीजन खेल चुके हैं।

# कहीं आप भी तो नहीं खा रहे केमिकल वाले तरबूज...



गर्मियों के मौसम में लोग पानी वाले फल तरबूज का खूब सेवन करते हैं। तरबूज को गर्मी के मौसम में सबसे ज़्यादा इसलिए खाया जाता है क्योंकि यह हमारे शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता है। साथ ही बॉडी को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। दिखने में लाल , मीठे और पानी से भरपूर तरबूज में कई सारे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो सेहत के लिहाज़ से बेहद फायदेमंद हैं। इसी कारण इस मौसम में इस फल का डिमांड बढ़ जाता है। बच्चों से लेकर बड़े सभी गर्मियों में तरबूज का खूब लुत्फ़ उठाते हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं इन दिनों आप जिस फल को खा रहे हैं वो केमिकल वाला तरबूज है और वो आपकी सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। जी, हां सही पढ़ रहे हैं आप, इन दिनों मार्केट में इंजेक्शन वाले तरबूज धड़ल्ले से बिक रहे हैं। हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि बाज़ारों में इस समय केमिकल वाले तरबूज बिक रहे हैं। उन्होंने इस वीडियो में केमिकल वाले तरबूज को पहचानने का कारगर तरीका भी बताया है ताकि आपकी सेहत को कोई नुकसान न हों। चलिए हम आपको बताते हैं आप मिलावटी तरबूज की पहचान कैसे करें ?

### मिलावटी तरबूज पहचानने का तरीका

कॉटन के कपड़े से करें चेक-केमिकल वाले तरबूज को पहचानने के लिए तरबूज को दो भागों में काट लें। फिर कॉटन का कपड़ा लेकर लाल गूदे वाले हिस्से पर रगड़ें। अगर कपड़े का रंग लाल हो जाए तो समझ जाएं कि तरबूज में केमिकल मिला हुआ है।

**पानी से करें पहचान:** तरबूज का एक टुकड़ा काटकर उसे पानी से भरे हुए एक पैन में डालें। अगर पानी लाल कलर छोड़ता है तो समझ जाएं कि तरबूज को केमिकल से पकाया गया है।

**बदल जाता है स्वाद:** केमिकल से पकाए गए तरबूज की मिठास आपको पता चल जाएगी। केमिकल से पकाये गए तरबूज की मिठास कम होती है। ऐसे में अगर तरबूज को काटने पर वह लाल होता है लेकिन उसमें मिठास कमी है तो समझ जाएं यह केमिकल से तैयार किया गया है।

**केमिकल से हो सकती हैं ये बीमारियां:** फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि सरकार ने इस केमिकल पर बैन लगाकर रखा है। इसके बाद भी कई फल व्यापारी इसका इस्तेमाल करते हैं। कैल्शियम कार्बाइड से किडनी और लीवर से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही कैंसर की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है

### तरबूज खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान:

हमेशा हरे रंग का तरबूज खरीदें।

जिस तरबूज पर सफदे कलर के दाग धब्बे लगे हों उसे न खरीदें

खाने से पहले तरबूज को पानी से अच्छी तरह धोएं उसके बाद ही खाएं



# तपती गर्मी में शरीर का सुरक्षा कवच है खस का शरबत, पीते ही मिलेगी ठंडक और एनर्जी

इस मौसम में हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। ऐसे में शरीर को ठंडा बनाए रखने के लिए रोजाना खस का शरबत पीएं। खसखस का शरबत गर्मी में लू के खतरे से बचाता है और शरीर को प्रोटेक्ट करता है। जानिए खस का शरबत पीने से क्या फायदा होता है ?

मई की भीषण गर्मी में पारा आसमान छू रहा है। चिलचिलाती तेज धूप मानो त्वचा को जला ही देगी। घर से धूप में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। जरा सी लापरवाही से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में शरीर को ठंडा रखने के लिए खस का शरबत जरूर पिएं। कुछ लोग इसे खसखस का शरबत भी कहते हैं। खस का शरबत आपको गर्मी की चपेट से बचाने में मदद करेगा। खस की तासीर ठंडी होता है, जिससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है। गर्मी में जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो खस के शरबत आपको हीट स्ट्रोक के खतरे से बचाएगा। शरीर को हाइड्रेट रखने के अलावा खस का शरबत तुरंत एनर्जी देगा। जानिए खस का शरबत पीने के फायदे क्या हैं ?

### खस क्या होता है?

खास एक खुशबूदार घास होती है। गर्मी से बचने के लिए पहले लोग खसखस यानि इसी घास का उपयोग किया करते थे। लोग घरों में खिड़कियों पर खसखस की टटिया लगाया करते थे ताकि घर ठंडा रहे। इस घास से रस निकाला जाता है जिसका उपयोग कई खाने-पीने की चीजों में किया जाता है। खस में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को फायदा पहुंचाते हैं। गर्मी में खस का शरबत पीने के फायदे गर्मी में खस के शरबत पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। खस का शरबत शरीर को हाइड्रेड रखता है और पीने की कमी दूर करता है। इस मौसम में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है खस का शर्बत लू लगने से भी बचाता है। खस का शरबत पीने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा बना रहता है।खून साफ करने, चेहरे पर निखार लाने और कील-मुंहासे दूर करने के लिए खस का शरबत पीएं। गर्मियों में जो लोग रोजाना खस का शर्बत पीते हैं उनके शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है। गर्मी के कारण आंखों में होने वाली जलन को शांत करने के लिए खस का शर्बत पीएं। खस का शरबत इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाता है। इससे बीमार होने का खतरा कम होता है।

# 'पपी योग' का बढ़ रहा है ट्रेंड



जानिए इसमें ऐसा क्या होता है कि इटली में लगाया इस पर बैन क्या है पपी योग `पपी योग' पूरी दुनिया में धीरे-धीरे फेमस होता जा रहा है. लेकिन कुछ देशों के `एनिमल राइट्स ग्रुप' वाले इस योग में शामिल पपी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कुत्तों के लिए खतरनाक मान रहे हैं. वहीं इटली में जानवरों के साथ खराब बर्ताव का हवाला देते हुए पपी योगा पर बैन लगा दिया गया है. पपी योग को `डोगा' के नाम से भी जाना जाता है सोशल मीडिया पर ऐसे कई सारे क्यूट-क्यूट वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें डॉगी अपने मालिकों के साथ योग या एक्सरसाइज करते हुए दिखाई देते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि योग करने वाले कुत्तों को डोगा कहा जाता है. आप मेडिकल भाषा के हिसाब से देखें तो यह योग के साथ-साथ मालिक और कुत्ते में कैसी बॉन्डिंग है उसे भी दर्शाता है. इसमें डॉगी अपने मालिक के नक्शे-कदम पर चलता है. डोगा योग सेशल में इंसान अपने प्यारे डॉगी के साथ योग की प्रैक्टीस करते हैं. यह पूरी दुनिया भर में मशहूर हो रहा है. इससे शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ इंसान इमोशनली रिलैक्स रहता है. यह पूरी तरह से नया चलन है. यह स्पेशल योग क्लास अमेरिका-यूरोप में काफी ज्यादा फेमस है. साथ ही दुनिया के दूसरे देशों में भी इसे अपनाया जा रहा है. पपी योग के दौरान डॉगी की मौजूदगी बेहद जरूरी होती है. हालांकि यह ट्रेंड कुछ पेट लवर्स को बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रहा है. आयरलैंड और यूनाइटेड किंगडम में पपी योग के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है. जबकि इटली में इस तरह के योग पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया है.

### पपी योग क्या है?

दरअसल, पपी योग एक ऐसी योगा स्टाइल जो डॉगी के साथ फिजिकली रूप से इंसान इनवॉल्व रहता है.  इस योग के कुत्ते का मालिक आराम से स्ट्रेचिंग, पोज़ और श्वास प्रैक्टीस शामिल हो सकते हैं. वहीं जबकि पपी को चारों तरफ घूमने की आजादी है. कई हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि डॉगी एक इमोशनल बॉन्डिंग डेवलप करते हैं. साथ ही वह अपने पार्टनर या मालिक के स्ट्रेस को कम करने का काम भी करता है. पपी योग क्यों करते है ? कुछ लोग केवल इसलिए किसी जानवर के साथ संपर्क करना चाहते हैं क्योंकि उनके घर पर कोई जानवर नहीं है. जबकि कुछ लोग बीमारियों से पीड़ित हैं, जिन्हें लगता है कि एक घंटे का अभ्यास वास्तव में उन्हें आराम करने में मदद करता है. इस खास तरह के योग की स्थापना एल रुबिंस्की ने की थी. उनका कहना था कि ये योग अब लोग अपने घर के पालतू पपी के साथ भी कर सकते हैं. लेकिन जिनके घरों में पपी नहीं है. वह इस योग को पेरिस में 3200 रुपये देकर कर सकते हैं. हालांकि हर सेशन का 3200 रुपये लगते हैं.

# भीषण गर्मी से लोग हो रहे हीट स्ट्रोक का शिकार, बाबा रामदेव से जानें बचाव के योगिक उपाय?



रेगिस्तान में भीषण गर्मी पड़ती है। मैदानी इलाकों का टेम्परेचर नॉर्मल रहता है। पहाड़ों पर ठंड पड़ती है लेकिन इन दिनों भूगोल से अलग मौसम का मिजाज कुछ उलट सा गया है दिल्ली का नजफगढ़ देश में सबसे गर्म रहा तो NCRका तापमान बीकानेर,बाड़मेर,जोधपुर,कोटा जैसे शहरों से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे उत्तर भारत में चिलचिलाती धूप और लू ने बुरा हाल कर दिया है। पारा लगातार बढ़ रहा है । धरती गर्म तवे जैसी तप रही है। हालात देखते हुए अब तो रेड अलर्ट जारी करना पड़ा है। स्कूलों में छुट्टियां डिक्लेयर कर दी गई है। झुलसाती गर्मी का असर लोगों की सेहत पर दिखने लगा था। अस्पतालों में 20त्न तो सिर्फ डायरिया के मरीज बढ़े हैं जिनमें कइयों की हालत काफी गंभीर होती है अच्छा इनमें छोटे बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। `स्टमक फ्लू' भी इन दिनों बड़ी समस्या बना हुआ है खाना खाते ही वोमेटिंग पेट में दर्द और बुखार हेल्थ एक्सपर्टस के मुताबिक इसके 30 से 40त्न मरीज बढ़े हैं। लेकिन सबसे बुरा हाल इस एक्स्ट्रीम कंडीशन में बुजुर्गों का होता है लाइफ स्टाइल की पुरानी बीमारियां अचानक से उभर आती हैं ब्लड प्रेशर, मांसपेशियों में जकड़न, हड्डियों और जोड़ों में दर्द से जान पर बन आती है। पिछले 30 साल में लू से सबसे ज्यादा मौत भारत में हुई है और ये आंकड़ा साल दर साल और भयानक होने वाला है क्योंकि हर साल हीट वेव के दिन बढ़ रहे हैं और इसके साथ ही लू लगने के मामले भी बढ़ रहे हैं आपको बताएं-फिलहाल ये आंकड़ा 40 लाख क्रॉस कर चुका है। तो चलिए--गर्मी के सितम को देखते हुए।दर्शकों की डिमांड पर आज एकबार फिर योगगुरु स्वामी रामदेव से वो तमाम योगिक-आयुर्वेदिक उपाय जानते हैं जो आपको सेहतमंद तो रखेंगे ही गर्मी की बीमारियों से भी बचाएंगे।

गर्मी में परेशानी जॉन्डिस एसिडिटी माइग्रेन हीट स्ट्रोक डिहाइड्रेशन अस्थमा गर्मी का सितम - रहें अलर्ट धूप में पूरे कपड़े पहनकर निकलें तेज धूप में सिर जरूर ढकें अचानक टेम्परेचर चेंज से बचें बॉडी को हाइड्रेट रखें।

नाक में ड्राइनेस - क्या करें ?

नारियल तेल लगाएं ऑलिव ऑयल लगाएं घी का इस्तेमाल करें स्किन एलर्जी पेस्ट लगाएं एलोवेरा नीम मुल्तानी मिट्टी हल्दी देसी कपूर आंखों में एलर्जी ठंडे पानी से आंखे धोएं गुलाब जल आंखों में डालें दूध-महात्रिफला घी खाएं अस्थमा में रामबाण भरपूर नींद लें गिलोय का काढ़ा पीएं तुलसी के पत्ते चबाएं अनुलोम-विलोम करें

# इन बीमारियों का कारण भी बन सकते हैं खर्राटे, हो जाएं सावधान

खर्राटे आने की एक नहीं कई वजह हो सकती है.तेज और ज्यादा खर्राटे आने को हल्के में नहीं लेना चाहिए.ये कई गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकते हैं.ऐसा होने पर तत्काल डॉक्टर से मिलकर उचित इलाज करवाना चाहिए. खर्राटे आने की एक नहीं कई वजह हो सकती है.तेज और ज्यादा खर्राटे आने को हल्के में नहीं लेना चाहिए.ये कई गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकते हैं.ऐसा होने पर तत्काल डॉक्टर से मिलकर उचित इलाज करवाना चाहिए. खर्राटे आने की एक नहीं कई वजह हो सकती है. तेज और ज्यादा खर्राटे आने को हल्के में नहीं लेना चाहिए. ये कई गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकते हैं. ऐसा होने पर तत्काल डॉक्टर से मिलकर उचित इलाज करवाना चाहिए. खर्राटे कई बार शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं. इसकी वजह से पास सो रहा इंसान परेशान हो जाता है. वैसे तो खर्राटे काफी आम समस्या है लेकिन कई बार ये गंभीर भी हो सकते हैं. ज्यादा खर्राटे आना गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इशारा भी हो सकता है. खर्राटे कई बार शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं. इसकी वजह से पास सो रहा इंसान परेशान हो जाता है. वैसे तो खर्राटे काफी आम समस्या है लेकिन कई बार ये गंभीर भी हो सकते हैं. ज्यादा खर्राटे आना गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इशारा भी हो सकता है. ऐसे में इसका समय पर इलाज करवाना जरूरी हो जाता है. खर्राटों के कारण नींद में बाधाएं आती हैं और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है. 3/7 नींद न पूरी होने पर सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है. ऐसे में आइए जानते हैं खर्राटे आने का कारण और इससे किन-किन बीमारियों का खतरा हो सकता है... जब सोते समय सांस लेने में दिक्कतें होती हैं तो खर्राटे आ सकते हैं. ये श्वसन मार्ग में रुकावट की वजह से पैदा होने वाली आवाज होती है. ज्यादातर लोग थकान की वजह से खर्राटे लेते हैं लेकिन इसके कई कारण हो सकते हैं खर्राटे आने के कारणों की बात करें तो,नाक की हड्डी बढ़ जाना, मसल्स का बढ़ना, बहुत ज्यादा वजन, थकान,नेजल छोटा होना ,अल्कोहल ज्यादा पीना,स्लीप एपनिया,आनुवंशिकी कारक, शामिल है खर्राटे आना इन बीमारियों का संकेत -साइनस नाक से जुड़ी परेशानी, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया, एंग्जायटी, डायबिटीज, दिमाग में ऑक्सीजन कम होना, स्ट्रोक का रिस्क अगर खर्राटे आने का कारण  नोज ब्लॉकेज है तो बिना समय गंवाए डॉक्टर से मिलना चाहिए और तुरंत इस समस्या का इलाज करवाना चाहिए. इससे समस्या जड़ से खत्म हो सकती है. खर्राटों की परेशानी हमेशा के लिए गायब हो सकती है. इसके अलावा हेल्थ एक्सपर्ट्स वजन कंट्रोल रखने की सलाह देते हैं. उनका कहना है कि ज्यादा वजन खर्राटों की वजह बन सकती है, इसलिए वेट को मेंटेन रखने पर ध्यान दें. इसके अलावा रोजाना एक्सरसाइज करके और फिटनेस पर ध्यान देकर इस समस्या से बचा जा सकता है. अगर खर्राटे आने का कारण नोज ब्लॉकेज है तो बिना समय गंवाए डॉक्टर से मिलना चाहिए और तुरंत इस समस्या का इलाज करवाना चाहिए. इससे समस्या जड़ से खत्म हो सकती है. खर्राटों की परेशानी हमेशा के लिए गायब हो सकती है. इसके अलावा हेल्थ एक्सपर्ट्स वजन कंट्रोल रखने की सलाह देते हैं. उनका कहना है कि ज्यादा वजन खर्राटों की वजह बन सकती है, इसलिए वेट को मेंटेन रखने पर ध्यान दें. इसके अलावा रोजाना एक्सरसाइज करके और फिटनेस पर ध्यान देकर इस समस्या से बचा जा सकता है.





# नॉन स्टिक बर्तन में खाना पकाने पर आईसीएमआर ने किया आगाह, क्यों है सेहत के लिए खतरनाक?

बदलती लाइफस्टाइल में सिर्फ लोगों के रहने सहने का तरीका ही नहीं बदला है बल्कि खाना पकाने का तरीका भी बदल गया है। पहले जहां लोग स्टील या एल्युमिनियम के बर्तनों का इस्तेमाल करते थे वहीं अब लोग नॉन स्टिक बर्तनों का इस्तेमाल करने लगे हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं नॉन स्टिक बर्तन आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। हाल ही में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने एक गाइडलाइन जारी कर लोगों को यह बताया कि नॉन स्टिक पैन में खाना क्यों नहीं पकाना चाहिए। नॉन स्टिक कुकवेयर में खाना बनाना बेहद आसान होता है और इसमें तेल भी कम इस्तेमाल होता है। कोटिंग की वजह से इसमें सब्जियों के जलने का भी डर नहीं रहता है। लेकिन हाल ही में रिसर्च में यह कहा गया है कि नॉन स्टिक बर्तनों का इस्तेमाल आपकी सेहत के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है। नॉन स्टिक बर्तनों में कोटिंग की जाती है।

खाना बनाते समय यह कोटिंग खुरच कर खाने में मिलती है जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक है। ऐसे में ढ्ढष्टरूक्र ने एक गाइडलाइन जारी कर लोगों को आगाह किया है कि नॉन स्टिक बर्तनों में खाना न बनाएं।नॉन-स्टिक कुकिंग के लिए आईसीएमआर ने दिया ये सुझाव : मीडियम हीट पर पकाएं खाना-नॉन-स्टिक कुकवेयर को ज़्यादा गर्म करने से बचें। अगर गैस का टेम्प्रेचर हाई  है तो उस वजह से पैन की कोटिंग टूट सकती है और हानिकारक धुआं निकल सकता है।

खाली पैन को पहले से गर्म न करें: गैस ऑन कर हाई फ्लेम पर पैन को न रखें। पैन को गैस पर रखने से पहले ही थोड़ा तेल डालें।

घिसे-पिटे पैन को बदलें: अगर आपके पैन में खरोच आ गयी है और कोटिंग निकल गयी है तो सेहत को ध्यान में रखते हुए हुए आप पैन को जल्द से जल्द बदल दें। मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना सबसे सुरक्षित इंडियन काउंसिल मेडिकल रिसर्च ने खाना पकाने के लिए मिट्टी के बर्तनों को सबसे ऊपर रखा है और सुरक्षित माना है। ढ्ढष्टरूक्र के गाइडलाइंस के मुताबिक मिट्टी के बर्तनों में किसी केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता है। जिस वजह से खाने के नेचुरल टेस्ट गायब नहीं होता और न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में मिलता है। हालांकि मिट्टी के बर्तन इस्तेमाल

# मानव मंदिर चौक से तिरंगा चौक तक होगा वन-वे ?

## गंज लाईन व पुराना रेस्ट हाउस रोड में लोडिंग-अन लोडिंग पर रहेगी नजर

राजनांदगांव (दावा)। शहर में यातायात दुरूस्ती के लिए पुलिस द्वारा अभियान छेड़ रखा गया है इसके तहत शहर के सड़कों पर दुकानदारी कर रहे व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है वही एक कार्य योजना तैयार कर व्यस्तम इलाकों की सड़कों का वन वे बनाए जाने की ओर थी ध्यान दिया जा रहा है। इसमें मानव मंदिर चौक से लेकर हलवाई लाईन, भारत माता चौक से तिरंगा चौक वाली सड़क प्रमुखता से शुमार है।

बता दे कि पिछले कलेक्टर के समय सिनेमा लाईन आजाद चौक, हलवाई लाईन से भारत माता चौक को व्यस्तम यातायात की दृष्टि से वन-वे ही बनाया गया था। उसके बाद इस क्षेत्र की स्थिति पुनः जस की तस हो गई। जिसके कारण इस क्षेत्र के व्यवसायियों को व्यस्ततम यातायात का दबाव सहना पड़ रहा है। इससे उनकी दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। इस क्षेत्र के एक कपड़ा व्यवसायी ने हलवाई लाइन सड़क के पूर्व में वन वे होने की बात बताई थी जिसका दैनिक द्वारा में समुचित रूप से प्रकाशन किया था। अब जानने में आ रहा है कि मानव मंदिर चौक से लेकर सिनेमा लाइन होते हुए हलवाई लाइन व भारत माता चौक से तिरंगा चौक तक का सड़क को वन-वे किया जाएगा। अफसरों की माने तो प्लान के तहत अभियान शुरू कर दिया गया है।

### लोडिंग-अनलोडिंग पर नजर

शहर के यातायात की दृष्टि से सबसे व्यस्तम क्षेत्र गंजलाइन लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। इसी तरह की स्थिति पुराना रेस्ट हाउस की है। यहां भारी वाहन लीडिंग-अनलोडिंग करते हमेशा आड़ी-तिरछी खड़ी रहती है। जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। गंज लाइन में व्यवसायियों की बड़ी दुकाने होने तथा बैंक कार्यालय होने के कारण वाहनों का जमावड़ा सड़क तक बना रहता है। ऐसे हालात में एक भी बड़ी वाहन वहा फोडिंग अनलोडिंग करते खड़े हो जाए तो समझो आधा घंटा के लिए यायात व्यवस्था अवरूद्ध होना आवश्यक है। लोग सड़क में आड़े-तिरछे रूप में खड़ी भारी वाहनों के बीच फंसकर छटपटाते रह जाते है। लेकिन किया क्या जा सकता है। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक प्रेमचन्द बाफना ने यातायात पुलिस व बड़े अधिकारियों के ध्यान में बात कई बार ला चुके है। इसके बाद भी गंज लाईन का क्षेत्र यातायात जाम की परेशानी से मुक्त नहीं हो पाया था। अब कही जाकर यातायात जाम के अभिशाप से गंज लाईन को मुक्ति मिलने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सुबह 10 बजे के बाद लोडिंग अनलोडिंग पर कार्रवाई की जाएगी।

### हलवाई लाइन के व्यवसायियों में हर्ष का माहौल

### यातायात जाम बना सिर दर्द

बता दे कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्र मानव मंदिर चौक सिनेमा लाईन, गुड़ाखू लाईन, कामठी लाईन तथा सदर बाजार में आए दिन हर पल लोगों को यातायात जाम का सामना करना पड़ता है। जो लोगों के लिए एक सिरदर्द बना हुआ था। इस समस्या को दूर करने कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग ने पहल की है। इस सम्बंध में पुलिस, नगर निगम, जनप्रतिनिधियों और व्यवसायियों की एक संयुक्त टीम बना कर शहर में सर्वे कराया गया है। इस सर्वे के पश्चात एक प्लान तैयार किया गया है। जिसमें शहर के चार स्थानों पर पार्किंग जोन बनाए जाने की बात सामने आ रही हैं ताकि चार पहिया वाहनों को बाजार के भीतरी इलाकों में जाने से रोका जा सके। यदि सचमुच में ऐसा होता है तो निश्चित ही शहरवासियों सहित बाजार आने वाले दूर-दराज के लोगों को यातायात जाम फंस कर छटपटाने से मुक्ति मिल जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक जा टकराई पेड़ से एक की मौके पर मौत



अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश में लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे हैं इन हादसों में सबसे बड़ा कारण लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना है। वहीं जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार रूपेश कुमार, पिता रामभरोस कुंजाम, उम्र 21 साल, निवासी बम्हनी, थाना मोहला, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी की मौके पर मौत हो गई।

वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक संजय, पिता सुरेश कुमार किनका, उम्र 23 साल निवासी संसारगढ़, थाना अंबागढ़ चौकी, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे राजनांदगांव चंद्रपुर स्टेट हाईवे पर अंबागढ़ चौकी से मोहला की ओर दोनों बाइक से जा रहे थे इस दौरान मोड़ के पास अनियंत्रित होकर उनकी बाइक जंगल के सागौन पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं गंभीर चोट आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रुप से घायल है।

हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी अंबागढ़ चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों व तीन सवारी, 72 पर जुर्माना





शहर के भीतरी हिस्से में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पुलिस अभियान चला रही है

राजनांदगांव (दावा)। नो पार्किंग में खडे वाहनों पर जुर्माना किया जा रहा है। इसके अलावा ट्रैफिक नियम की अनदेखी करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सोमवार को पुलिस ने 72 वाहनों पर कार्रवाई की है। जिससें 21 हजार 600 रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

ट्रैफिफ पुलिस ने शहर के जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुडाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर, जलाराम स्वीट्स के सामने नो पार्किंग में खडे चार पहिया व दुपहिया वाहनों पर कार्रवाई की। इसी तरह दुपहिया वाहनों में तीन सवारी चलने वालों पर भी जुर्माना वसूला गया है। पुलिस टीम ने लोगों से ट्रैफिक नियम का पालन करने की अपील की है। वहीं इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहने का दावा किया है।

# ऑक्सीजोन में अवैध उत्खनन को लेकर सन टू ह्यूमन ने सौपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। ऑक्सीजोन में लगातार शिकायतों के बाद भी हो रहे अवैध उत्खनन के मुद्दे को लेकर आज सन टू ह्यूमन के साधकों ने जिला खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की, तथा रेत उत्खनन के वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किया। विदित हो कि लगभग एक माह से आध्यात्मिक संगठन सन टू ह्यूमनएफ ऑक्सीजन में हो रहे अवैध गतिविधियों को लेकर प्रशासन का ध्यान लगातार आकृष्ट करता रहा है।

फिर भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं होने से आज संगठन के सदस्य आक्रोशित थे और उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग कडे शब्दों में की। विदित हो कि संगठन के सदस्य इसी मुद्दे को लेकर पिछले दिनों से कलेक्टर, एसपी, एसडीएम तथा प्रशासन के अन्य लोगों से लगातार संपर्क में है। जिला खनिज अधिकारी ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र नाहटा, रेखचंद जैन, विकास अग्रवाल, अनिल जैन, रामनिवास गुप्ता, खियल गिड़वानी डब्बू, राजेश शर्मा, जवाहर सिन्हा आदि मौजूद थे।


राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।



-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240


# स्कूटी से गिरकर नव-विवाहित की मौत

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टोल प्लाजा के समीप धर्मकांटा के पास स्कूटी से गिरकर एक नव-विवाहित की मौत हो गई।

बताया जाता है कि दिन दयाल नगर चिखली निवासी पायल कश्यप पति गौरव (33 वर्ष) अपने मायके दुर्ग से राजनांदगांव आ रही थी। 19 मई की रात टोलप्लाजा धर्मकांटा के पास अचानक अपने-आप स्कूटी से गिर जाने के कारण सिर पर घातक चोट लगी जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दुर्घटना से बुरी तरह जख्मी हुई उक्त नव-विवाहित को टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने अपने वाहन से सोमनी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। डाक्टरों ने जांच की तो उसकी मौत हो चुकी थी। पेशे से शिक्षिका पायल कश्यप का 15 दिन पूर्व ही विवाह हुआ था। उसका पति गौरव भी पेशे से शिक्षक है। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।


वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.


# लालचंद बहादुर एजुकेशनल सोसाइटी ने पुष्कर साहू को लिया गोद



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. जे.बी. सिंह की स्मृति में शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह एवं प्रबंध संचालकगण द्वारा सहर्ष निर्णय लिया गया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में हॉकी की नर्सरी मे अपनी खेल प्रतिभा को सवारने हेतु संघर्षरत पुष्कर साहू जो एक हाथ से हॉकी का प्रशिक्षण ले रहा है की प्रतिभा को निखारने हेतु व्यक्तिगत रूचि लेकर लालचंद बहादुर एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा पुष्कर साहू को गोद ले लिया गया है।

जिसमे उसे प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कक्षा बारहवी तक निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ कॉपी, पुस्तक, ड्रेस एवं खेल सामग्री भी संस्था द्वारा प्रदान किया जायेगा, जिससे उसकी प्रतिभा को और निखारा जा सके, ताकि वह माता-पिता, शाला और संस्कारधानी को गौरवान्वित करें।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई बोर्ड प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी. बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू, बरसर आई. के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# व्यापारियों की शिकायत : साहब! कुछ तो करो, जब फूड लाइसेंस बनाने जाते हैं तो वहां रिश्वत मांगते हैं



राजनांदगांव (दावा)। फूड लाइसेंस बनाने के नाम पर व्यापारियों से तय सरकारी दर से अधिक वसूली की शिकायत सामने आ रही है।

व्यापारियों द्वारा मामले की शिकायत कलेक्टर संजय अग्रवाल से की गई है। बताया जा रहा है कि उक्त फूड अफसर द्वारा व्यापारियों से लाइसेंस जारी करने का 5 हजार रुपए की मांग की जा रही है। जबकि सरकारी दर 2 हजार है।

गौरतलब है कि जिले में सैकड़ों होटल, रेस्टोरेंट, कैफे सहित अन्य खाद्य सामग्री बिक्री करने वाली दुकानें हैं। इन दुकानों का लाइसेंस बनाने के अलावा लाइसेंस को रिनवल करने का राज्य सरकार ने फूड एंड सेफ्टी विभाग को अधिकृत किया है। फूड विभाग के उक्त अफसर द्वारा लाइसेंस बनवाने और नवीनीकरण कराने वाले व्यापारियों से सरकारी दर 2 हजार की बजाए 5 हजार रुपए की वसूली करने की जानकारी सामने आ रही है।

### एसडीएम से शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं

व्यापारियों ने बताया कि उक्त अफसर द्वारा अधिक रकम की वसूली की शिकायत एसडीएम अतुल विश्वकर्मा से भी की गई थी, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। फिर पीड़ित व्यापारी कलेक्टर संजय अग्रवाल के पास उक्त अफसर की शिकायत किए है। मामले में ठेले-खोमचे में व्यापार करने वाले छोटे कारोबारी भी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि उक्त अफसर अपने आप को राज्य के एक नेता का रिश्तेदार बताकर शिकायत बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने का धौंस भी दिखाते हैं।

# अवैध रूप से मदिरापान कराने पर की गई कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम झिनझारी थाना चिचोला के बाजार चौक अण्डा ठेला में मनोहर विश्वकर्मा द्वारा अवैध रूप से मदिरापान कराते पकड़ा गया और 0.450 मिली विदेशी मदिरा जप्त किया गया। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36 (सी) के तहत अण्डा ठेला में अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा देना दण्डनीय अपराध है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्ज्वल कुमार सूत्रधार, मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक जर्नादन पाण्डेय शामिल थे।

कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।


आवश्यकता है
श्री राधाकृष्ण गौधाम (गौशाला) ग्राम बांकल स्टेशन खपरी रोड में कृषि एवं गौ सेवा कार्य हेतु एक परिवार की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन रहने की सुविधा सहित।
संपर्क
7770911055


# डॉक्टर दंपत्ति की बिटिया शुभाश्री के 97 फीसदी



सीबीएसई 10 में शानदार उपलब्धि

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पब्लिक स्कूल (पेण्ड्री) की छात्रा कु. शुभाश्री नंदा ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.80 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल एवं परिवार का नाम रौशन किया। स्कूल में शुभाश्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैं। महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस (राजनांदगांव) के डीन डॉ. एस. के. नंदा एवं महावीर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रद्धांजलि नंदा की सुपुत्री शुभाश्री ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गुरूजनों को दिया। प्रारंभ से मेधावी शुभाश्री भी अपने माता-पिता के पदचिन्हों पर चलकर डाक्टर बनना चाहती है और उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है।

# जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने अधिकारियों की ली बैठक

## जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की, एजुकेशन हब के रूप में की गई अच्छी पहल



राजनांदगांव (दावा)। जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक ली तथा जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।


प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कनेक्टीविटी के लिए दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के रोड बनाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति तथा सिंचाई के रकबे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए जिले में कक्षा 9वीं व 10वीं के लिए किताबों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निःशुल्क गणवेश, सायकल वितरण के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने कहा कि जिले में एजुकेशन हब के रूप में अच्छी पहल की जा रही है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने जिले में जल संरक्षण अंतर्गत पहाड़ों में बनाए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं जलीय संरचना की प्रशंसा की। उन्होंने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा मक्का एवं गेहूं की खेती पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

### जिले की जलवायु संतरा एवं मौसंबी फसल के अनुकूल

उन्होंने कहा कि जिले में कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को प्रोत्साहित करें। जिले की जलवायु संतरा एवं मौसंबी फसल के अनुकूल है, अच्छी वेरायटी के फसल लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। मिर्च एवं मसाले की फसल से भी किसानों के आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जिले में स्थानीय स्तर पर आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण देने की जरूरत है, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। प्रभारी सचिव ने मेडिकल कालेज पेण्ड्री में फैकेल्टी एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहाड़ों में जल संरक्षण के लिए परकोलेशन टैंक के माध्यम से जल संरक्षण किया जा रहा है। जल के स्तर को बढ़ाने के लिए विभिन्न जलीय संरचना का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में इसके लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है।

धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एजुकेशन हब के अंतर्गत चारों विकासखंड के 100 बच्चों को चिन्हांकन किया जा रहा है, जो कक्षा 9वीं, 10वीं, - 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी होंगे। उन्हें यहां आवासीय सुविधा दी जाएगी तथा कोचिंग एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को कोचिंग प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले के बच्चों का 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड में परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव अरूण विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।

नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

आवश्यकता है
मार्केटिंग कार्य हेतु युवक-युवतियों व रात्रिकालीन चौकीदार आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, मो. 9300414726


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com